

आर्यन खान की सीरीज को मिली.....

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण





चैंपियन्स ट्रॉफी के नॉक आउट.....

वर्ष : 13 | अंक : 41 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | मंगलवार, 11 फरवरी 2025 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### फिटजी को बड़ा झटका, 11 करोड़ के लेन-देन पर रोक

FIITJEE

**गौतमबुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले शिक्षण संस्थान फिटजी के मालिक से जुड़े विभिन्नों बैंक खातों में जमा करीब 11 करोड़ रुपए का लेनदेन रोक (फ्रीज) दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पिछले माह फिटजी के कोचिंग सेंटर अचानक बंद होने के बाद अभिभावकों की शिकायत पर दर्ज किए गए मुकदमों की जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई की गई है।

दिनेश गोयल के 172 बैंक खातें : उन्होंने कहा कि नॉलेज पार्क थाने की पुलिस तथा साइबर अपराध की टीम को जांच में फिटजी के संस्थापक दिनेश गोयल के पैन कार्ड से संबद्ध 172 बैंक खातों के बारे में जानकारी मिली जो कि विभिन्न राज्यों में हैं।

### सुरक्षाबलों ने पुंछ में किया सर्च ऑपरेशन



**पुंछ।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में लगभग एक दर्जन इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद मेंढर, सुरनकोट और गुरसाई इलाकों के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान शुरू किया गया। स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर सुरनकोट में निचले चानन, सायर, सनाई जंगल, चिति भाटी और फजलाबाद, मेंढर में दराई जंगल और आसपास के इलाकों और गुरसाई में खोखर मोहल्ला, कंडी और गलहुट्टा को घेर लिया।

पुलिस ने बताया कि दो साल की तलाश के बाद रविवार को एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### अधिवक्ता राजीव तथा व्यवसाई की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज



दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** कोलकाता कैश कांड मामले के आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार और व्यवसाई अमित अग्रवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं. सीबीआई की विशेष कोर्ट ने दोनों की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है. दोनों पर जल्द आरोप गठित होगा. बता दें कि 31 जुलाई 2022 को कोलकाता पुलिस ने 50 लाख कैश के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता के एक मॉल से गिरफ्तार किया था. जिसके बाद आरोपी अमित अग्रवाल को 7 अक्टूबर 2022 को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया था. झारखंड हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका से नाम हटाने के एवज मे दोनों आरोपियों के बीच पैसे का लेन देन हुआ था. सीबीआई की दिल्ली शाखा ने जांच पूरी करते हुए 3 फरवरी 2024 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था. इसी मामले में ईडी ने भी दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

# शिबू सोरेन अस्पताल में भर्ती हेमंत सोरेन साथ में हैं मौजूद

- शिबू सोरेन की तबीयत अचानक खराब, दिल्ली ले जाया गया
- सीएम हेमंत सोरेन भी पिता के साथ दिल्ली गए हैं
- एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली लाए जा रहे शिबू सोरेन




दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तबीयत अचानक खराब हो गई है। तबीयत बिगड़ने के बाद शिबू सोरेन को विशेष विमान से दिल्ली ले जाया जा रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन के साथ दिल्ली जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, उन्हें एक विशेष विमान के जरिए राजधानी ले जाया गया है। फिलहाल उनकी वापसी की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन स्वास्थ्य जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वे लौटेंगे। सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती हुए शिबू सोरेन मिली जानकारी के मुताबिक, जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन को सोमवार की दोपहर सांस लेने में तकलीफ की शिकायत हुई। इसके बाद उन्हें आनन-फानन में रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां डॉक्टरों ने शिबू सोरेन की जांच की और बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाने की सलाह सीएम हेमंत सोरेन को दी। इसके बाद शिबू सोरेन के इलाज के लिए एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली भेजा गया है। फिलहाल, डॉक्टरों की एक टीम भी उनके साथ है, जो उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है।

**2023 में भी शिबू सोरेन के तबीयत अचानक बिगड़ गई थी**

गौरतलब है कि इससे पहले, साल 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से आयोजित रात्रि भोज में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन के साथ दिल्ली गए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय भी हेमंत सोरेन उनके साथ मौजूद थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन एक दिग्गज नेता हैं। वे वढअ सरकार में कोयला मंत्री भी रहे, लेकिन चिरूडीह हत्याकांड में नाम आने के बाद उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा। अपने पिता शोभराम सोरेन की हत्या के बाद उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। शिबू सोरेन को 'गुरुजी' भी कहा जाता है। शिबू सोरेन का राजनीतिक सफर काफी लंबा रहा है। 1977 में पहली बार लोकसभा चुनाव हारने के बाद, 1980 में उन्होंने जीत हासिल की। इसके बाद 1986, 1989, 1991 और 1996 में भी उन्होंने लोकसभा चुनाव जीता।

### नागरिक सुरक्षा की दिशा में हेमन्त सरकार की पहल

# आपात स्थिति में बटन दबाते हीं दिलायी जाएगी त्वरित मदद

- स्मार्ट सिटी नें शहर में लगाया 50 इमर्जेंसी कॉल बॉक्स
- राजधानी के महत्वपूर्ण चौराहों पर लगा पीले रंग का बॉक्स

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** अगर आप राजधानी रांची में रहते हैं तो आपको यह जानकर बेहद खुशी होगी कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने राजधानी वासियों की सुरक्षा को लेकर कई इंतजाम किए हैं। एक तरफ जहां कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की मदद से पूरे शहर में स्वचालित यातायात प्रबंधन किया जा रहा है तो दूसरी ओर अपराध नियंत्रण और उसके उद्भेदन में भी कमांड सेंटर से मदद ली जा रही है। अब अगर आप किसी आपात




स्थिति का सामना कर रहे हैं जैसे कि आप सड़क से गुजर रहें और आपके साथ या आपके सामने किसी के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो आप सीधे सरकार की एजेंसियों से जुड़ सकते हैं । इसके लिए रांची शहर के महत्वपूर्ण 50 चौक चौराहों पर पीले रंग का इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाया गया है। इस बॉक्स में लगे लाल बटन के दबाते ही कमांड कंट्रोल सेंटर से आवाज आएगी, ताकि आप अपनी समस्या बता सकें। समस्या बताते ही स्मार्ट सिटी और पुलिस की टीम आपकी मदद के लिए संबंधित एजेंसी से संपर्क कर आपको राहत दिलाएगी। इसके लिए ना आपको मोबाईल फोन की जरुरत है ना ही किसी नंबर को याद रखने की जरुरत। बस आपके आसपास पीले रंग का बॉक्स होना चाहिए।

**किस-किस प्रकार की मदद दिलायी जा सकती है :** सड़क दुर्घटना, चेन स्नेचिंग, गोलीबारी, मारपीट, छेड़खानी या कोई अन्य आपराधिक वारदात होती है तो तुरंत मदद के लिए इस बॉक्स का उपयोग किया जा सकता है। यह जरुरी नहीं है कि पीड़ित ही फोन करे। प्रत्यक्षदर्शी भी मदद पहुंचाने के लिए कॉल कर सूचना दे सकता है। यदि आसपास के इलाके में आग लग जाए तो भी या तो पीड़ित या आसपास के लोग फायरब्रिगेड से संपर्क साधने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

# महाकुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

दबंग हिंद संवाददाता

**हजारीबाग।** महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन हजारीबाग के चरही घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है. वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे में मृतक और घायल सभी महिलाएं हैं. मृतकों में अंश देवी, संजू देवी और सोनी देवी शामिल हैं. वहीं घायलों में रंजू देवी, पुनीता देवी, असिता देवी, उमा देवी और ज्योति देवी शामिल हैं. बताया जाता है कि सभी रांची से महाकुंभ के लिए निकले थे और सभी एक ही परिवार के रहने वाले थे. महाकुंभ से स्नान कर लौटने के दौरान चरही घाटी के पास उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मृतक अंश देवी गुमला की रहने वाली है. संजू देवी और सोनी



देवी रांची आदिवासी चौक आईटीआई की रहने वाली हैं. घायलों में रंजू देवी और उमा देवी मां-बेटी हैं. दोनों आईटीआई चौक के पास की रहने वाली हैं. पुनीता देवी बुंडू, असिता देवी मांडर और ज्योति देवी भी रांची की रहने वाली हैं। घायल रंजू देवी ने बताया कि सभी ने मिलकर प्रयागराज कुंभ जाने की तैयारी की थी. सभी एक ही परिवार के हैं. 8 फरवरी की सुबह कार किराए पर लेकर प्रयागराज के लिए निकले थे. 9 फरवरी को सभी ने महाकुंभ में स्नान किया. रात में रांची के लिए निकले थे. इसी दौरान चरही घाटी के पास कोयला लदे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक से टकरा गई, जिससे यह घटना घटी।

# जैक बोर्ड: मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आज से

## मैट्रिक के लिए 1305, इंटर के लिए 795 परीक्षा केंद्र

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के द्वारा ली जाने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू होंगी, जो तीन मार्च तक चलेंगी. मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में 9:45 बजे पूर्वाह्न से 1 बजे अपराह्न तक होगी. इंटरमीडिएट की परीक्षा 2 बजे अपराह्न से 5:15 बजे अपराह्न तक होगी।

राज्य में मैट्रिक के लिए 1305 और इंटर के लिए 795 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं. जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने होने वाले जैक मैट्रिक-इंटर परीक्षा को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है. इधर सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा एवं हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी अनन्त कुमार झा ने




अपने अधिकारिता क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू किया है।

**परीक्षा केंद्र पर पहुंचने का समय**

- परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं.
- परीक्षार्थी अपने साथ एडमिट कार्ड और स्कूल आईडी कार्ड ले जाना ना भूलें।

**परीक्षा केंद्र पर ले जाने वाली सामग्री**

- नीले या काले रंग वाले बॉल पेन.
- पेंसिल, स्केल, इरेजर, शार्पनर.

**परीक्षा केंद्र पर निषेधित सामग्री**

- इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस.
- नकल करना सख्त मना है। अगर आप नकल करने की कोशिश करेंगे तो आपको परीक्षा केंद्र से निष्कासित कर दिया जाएगा।

**परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था**

- सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने और इसकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।
- परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था, शौचालय और अन्य भौतिक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**पिछले साल की तुलना में परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि**

- इस वर्ष मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि देखी गई है, जिससे कुल 7,83,711 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे.
- पिछले वर्ष 2024 की तुलना में, मैट्रिक में 12,208 और इंटर के तीनों संकायों में 5,267 परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है।

### दिल्ली चुनाव नतीजों के बाद अब पंजाब में बढ़ा सियासी पारा, कांग्रेस बोली-

# आप के 20 से ज्यादा एमएलए उनके संपर्क में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद अब पंजाब की सियासत गरमा गई है. पंजाब कांग्रेस नेताओं ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी के 20 से ज्यादा विधायक उनके संपर्क में हैं. जैसे ही यह दावा सामने आया आम आदमी पार्टी कांग्रेस पर हमलावर हो गई है और उनके नेताओं पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है. दूसरी ओर से चुनाव में करारी हार का सामना करने वाले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत तमाम मंत्रियों और विधायकों के साथ एक बड़ी बैठक की. हालांकि, इस



बैठक में क्या बात हुई पार्टी के नेता कुछ भी कहने से बच रहे हैं। दिल्ली के बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी सबसे मजबूत स्थिति में है और इस वक्त सत्ता में है, लेकिन दिल्ली चुनाव में मिली हार के बाद पंजाब में पार्टी के राजनीतिक भविष्य को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं. आशंका ये भी है कि पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ ही कई कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों की ड्यूटी दिल्ली चुनाव में अलग-अलग विधानसभा सीटों पर लगाई गई थी, लेकिन इनमें से ज्यादातर सीटों पर पार्टी को हार मिली है. तो ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या अरविंद केजरीवाल दिल्ली चुनाव में पंजाब के नेताओं को दी गई जिम्मेदारी को लेकर फीडबैक देने जा रहे हैं या फिर खराब प्रदर्शन की वजह से पंजाब की लीडरशिप को फटकार भी लगाई जा सकती है. पंजाब के पटियाला से कांग्रेस सांसद धर्मवीर गांधी ने कहा है कि दिल्ली में हार के बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी के जो हालात बने हैं ऐसे में आम आदमी पार्टी के नेता और विधायक या तो बीजेपी में शामिल हो सकते हैं या फिर कांग्रेस के साथ आ सकते हैं. धर्मवीर गांधी जो किसी वक्त में आम आदमी पार्टी में रहे और आम आदमी पार्टी के पटियाला से सांसद भी रह चुके हैं।

### ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर के पद से दिया इस्तीफा



**प्रयागराज।** पूर्व बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़े में अपने महामंडलेश्वर के पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया है. उन्हें ये पद दिए जाने के बाद किन्नर अखाड़े में भारी विरोध हुआ, जिसके बाद उन्होंने ये फैसला लिया है. उन्होंने एक वीडियो जारी करते हुए इसकी घोषणा की है। ममता कुलकर्णी पर ये आरोप लगा था कि उन्होंने 10 करोड़ रुपये देकर ये पद लिया है।

# परीक्षा पे चर्चा : मोदी ने छात्रों को दिए लीडरशिप के टिप्स



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में छात्रों से कई अहम मुद्दों पर बातचीत की. इस दौरान बच्चों ने पीएम मोदी से कई सवाल भी किये. इस कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन और पीएमओ यूट्यूब चैनल पर किया गया है. वहीं, बच्चों से बात करते हुए पीएम मोदी ने लीडरशिप क्वालिटी पर भी बात की. उन्होंने बच्चों से कहा कि आपको यह जानने के लिए अपने दिमाग पर ध्यान केंद्रित करना होगा कि खुद को कैसे चुनौती देनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि एक लीडर तब लीडर बनता है जब वह जो सिखाता है उस पर वो खुद भी पहले अमल करता है और लोगों के मुद्दों को समझता है।

# मानवता के लिए एकता का संदेश है महाकुंभ : मुर्मू



एजेंसी

**प्रयागराज।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित महाकुंभ में पहुंचीं. जहां प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने महाकुंभ में उनका स्वागत किया. राष्ट्रपति ने इस मौके पर पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान और पूजा-अर्चना भी कीं. वहीं, इसके बाज राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर कहा कि, प्रयागराज महाकुंभ के अलौकिक वातावरण में मां गंगा, यमुना और अंतः सलिला सरस्वती के पावन संगम में आज स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने आगे लिखा, श्रद्धा और विश्वास का यह विशाल समागम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत और जीवंत प्रतीक है।

## महाकुंभ में उमड़ी शाही स्नान जैसी भीड़

एजेंसी

**प्रयागराज।** कुंभ मेले अपने 28 दिन पूरे कर चुका है। अभी संगम तट पर स्नान के लिए दो सप्ताह का समय शेष रह गया है। ऐसे में दूरदराज से श्रद्धालुओं संगम में डुबकी लगाने के लिए तीर्थराज प्रयाग आ रहे हैं। प्रयागराज के आसपास के जिलों में भी जाम की स्थिति है। पुलिस ने भीड़ के दबाव के चलते तीर्थयात्रियों को अपने जिलों में ही रोक लिया है, सड़कों पर वाहन रेंगते हुए दिखाई दे रहे हैं। संगम में डुबकी लगाने जा रहे श्रद्धालुओं को जाम में फंसे 10 घंटे से अधिक का समय हो गया है। 20-25 किलोमीटर पैदल चलना



पड़ रहा है। कुंभ के तरफ जाने वाली सभी सीमाओं पर कतारें ही कतारें नजर आ रही हैं। जाम मे फंसे लोगों के सब्र का बांध टूटने लगा है। इसके चलते श्रद्धालु बस-कार से उतरकर पैदल ही ही कुंभ की तरफ बढ़ने को मजबूर हैं। आलम यह है कि सड़क पर जहां तक नजर जाएगी, वहां तक सिर्फ गाड़ियां ही गाड़ियां दिखाई देंगी, कोई गुजरात से, मध्यप्रदेश, कर्नाटक से गुजरात से, राजस्थान से कोई दिल्ली से तो कोई कानपुर से प्रयागराज आ रहा है उसे 8-10 घंटे जाम से जूझते हुए हो गए हैं। यदि जाम ट्रैफिक खुल भी रहा है।

# आपराधिक छवि वाले नेता नहीं लड़ पाएंगे चुनाव?

## सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में राजनीति के अपराधीकरण के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई है। इस याचिका में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को राजनीति में भाग लेने पर प्रतिबंधित लगाने की मांग की गई है। अब इस याचिका पर सुनवाई के लिए मामले को तीन जजों की बेंच के पास भेज दिया गया है। इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से भी जवाब मांगा है। दोनों को तीन हफ्ते के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 4 मार्च को होगी।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों में एमपी/एम एल ए कोर्ट में सुनवाई की रफ्तार धीमी



होने पर चिंता जताई है। जस्टिस मनमोहन ने कहा कि दिल्ली की निचली अदालतों में उन्होंने देखा है कि एक या दो मैटर लगाए जाते हैं और जज 11 बजे तक अपने चैंबर में चले जाते हैं। वहीं एमाइकस ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि देश के दूसरे राज्यों मे बार बार सुनवाई टाल दी जाती है और सुनवाई टालने का कारण भी नहीं बताया जाता।

**सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता :** सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि बहुत से ऐसे राज्य हैं जहां अभी तक एमपी/एमएलए कोर्ट गठित ही नहीं की गई है। एमाइकस ने कोर्ट को सुझाव दिया कि क्या चुनाव आयोग ऐसा नियम नहीं बना सकता कि राजनीतिक पार्टियां गंभीर अपराध में सजा पाए लोगों को पार्टी पदाधिकारी नहीं नियुक्त कर सकती। बता दें कि याचिक को बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है। अभी आपराधिक मामलों में दो साल या उससे अधिक की सजा होने और सजा की अवधि पूरी होने के 6 साल बाद तक चुनाव लड़ने पर रोक है। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि वे स्वच्छ छवि वाले लोगो को क्यों नहीं ढूंढ पा रही है?

# डीसी ने दवा खाकर फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का किया शुरू




दबंग हिन्द,संवाददाता

### मंगलवार से अगले 14 दिनों तक घर – घर जाकर लोगों को खिलाई जाएगी दवा

**बोकारो।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति विजया जाधव, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, अपर समाहर्ता ल मो. मुमताज अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला भीवीडी पदाधिकारी डा. रेणु भारती, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सिटी कालेज के प्राचार्य, जेएसएलपीएस के डीपीएम आदि ने डीईसी की गोलियों के साथ अल्बेंडाजोल का टैबलेट का सेवन कर जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने संबोधन में उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि फलेरिया हाथी पांव मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है। दवा खाकर ही हम इस बीमारी से बच सकते हैं। इस बीमारी के लिए दवा का सेवन करना इसलिए जरूरी है। इसलिए ऐतिहातन सभी को डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा आयु वर्ग के अनुसार खानी चाहिए। दवा खिलाने के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्र, सभी स्वास्थ्य उप केंद्र, सभी स्वास्थ्य केंद्र, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व विद्यालयों में कुल 2246 बूथ बनाया गया है। वही मंगलवार से अगले 14 दिनों तक डोर टू डोर दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद समेत अन्य चिकित्सा पदाधिकारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने जिले के सभी विद्यालय प्रधानाध्यापकों, जेएसएलपीएस की महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, मुखिया झ उप मुखिया आदि के साथ कार्यशाला का आयोजन कर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के प्रति जागरूक कर आमजनों को दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस, पेयजल एवं स्वच्छता तथा जल संसाधन विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, कृषि झ पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, नगर निगम चास, नगर विकास एवं आवास विभाग, पथ निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों को समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर दिशा निर्देश दिया।

## कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराएं मैट्रिक इंटर परीक्षा: डीसी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** कैंप टू स्थित टाउन हॉल सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को जिले में 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक इंटर परीक्षा की तैयारियों को लेकर शिक्षा पदाधिकारी, सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों, बीडीओ सीओ सह पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट स्टैटिक मजिस्ट्रेट आदि के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा आदि उपस्थित थे।उपायुक्त ने कहा कि जहां प्रश्न पत्र रहेगा, वहां किसी तरह की कोई कोताही नहीं हो। सभी जगह सीसीटीवी की निगरानी में प्रश्न एवं उत्तर पुस्तिका रहेंगे, इसे सुनिश्चत करें। परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली पर्याप्त रौशनी शौचालय पेयजल आदि की व्यवस्था हो, ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। कहा कि केंद्राधीक्षक कैमरों की संख्या अनुरूप कमरों की सूची तैयार कर कंट्रोल रूम में उसे प्रदर्शित करेंगे, ताकि निगरानी कार्य में सहूलियत होगी। वहीं, प्रश्न पत्र ले जाने वाले दंडाधिकारी पुलिस बल ससमय अपने प्रखंड के स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र उत्तर पुस्तिका लेंगे और परीक्षा केंद्र में एक घंटे पहले पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तरपुस्तिका को संबंधित कोषागार में जमा कराएंगे। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि मैट्रिक - इंटर परीक्षा को लेकर भी संबंधित थाना प्रभारी अलर्ट मोड में रहेंगे।

## स्वांग मध्य विद्यालय क्लास रूम के निर्माण कार्य का उद्घाटन



**गोमिया।** सोमवार को मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के योगेंद्र प्रसाद महतो ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय, स्वांग में क्लास रूम निर्माण कार्य के भूमि पूजन विधिवत पुजा अर्चना कर शिलान्यास किया और उन्होंने कहा कि विद्यालय और छात्रों की हर आवश्यकता को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। सभी बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारा मिले यह हमारा प्रमुख ध्येय है। इस मौके पर मंत्री का विद्यार्थियो ने स्वागत गीत से स्वागत किया। शिक्षक-शिक्षिकाएं ने पुष्पगुच्छ भेंट किया। हुए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमित पासवान, मो अशरफ, संतोष साव, राजु शाह, मो असलम, जन-प्रतिनिधि शांति देवी, बंटी उरांव, विनोद विश्वकर्मा, धनंजय सिंह, विधालय प्रभारी धीरज, शिक्षिका मनीषा कुमारी, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## परीक्षा पे चर्चा मे पीएम मोदी से विद्यार्थियों ने सीखा कामयाबी का मंत्र



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थी सोमवार को देश के दूरद्रष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित की गई परीक्षा पे चर्चा 2025 के लाइव सेशन का साक्षी बने। विद्यालय के कालिदास कला भवन के साथ-साथ विभिन्न कक्षाओं में भी चलाए जा रहे लाइव शो को देखते हुए बच्चों ने परीक्षा के साथ-साथ जीवन में भी कामयाबी का मंत्र सीखा। प्रधानमंत्री के साथ इस इंटरैक्टिव सेशन में बच्चों ने बिना किसी के दबाव की परवाह किए पूरी तरह तनावमुक्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगाने, लीडरशिप क्वालिटी, टीम-वर्क, अपनी भावनाएं जरूर साझा करने, समग्र विकास, प्रकृति से जुड़ाव, परिवारजनों एवं शिक्षकों के साथ तालमेल और टाइम मैनेजमेंट सहित कई महत्वपूर्ण टिप्स सीखे। विद्यार्थियों ने सदैव सकारात्मक बने रहने, लिखने की आदत डालने तथा कठिनाइयों को चुनौती के रूप में लेने की बातों को काफी प्रेरणाप्रद बताया। सबसे कठिन विषय को चुनौती के रूप में लेकर सबसे पहले उसकी पढ़ाई करने की बात ने बच्चों में एक नए उत्साह का संचार कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने परीक्षा पे चर्चा को प्रधानमंत्री श्री मोदी की ऐतिहासिक पहल बताते हुए छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा के दिनों में एक अतुलनीय संजीवनी बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे जब तनावमुक्त होकर आनंदपूर्ण वातावरण में परीक्षा देंगे, तो निश्चय ही वे अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

## सरस्वती विद्या मंदिर : परीक्षा पर चर्चा मे शामिल हुए सैकड़ो विद्यार्थी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** कक्षा दशम एवं द्वादश के सभी भैया बहनों को सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा निमित्त महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को विद्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी भैया बहनों को दिखाया गया। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि वे पहले उन्हीं विषयों को पढ़ें, जो उन्हें डरा रहे हैं। स्टूडेंट्स को सूर्य स्नान जरूर करना चाहिए। शरीर का ज्यादा से ज्यादा हिस्सा धूप में रखें। छात्रों को भरपूर नींद लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी विफलताओं को अपना शिक्षक बनाना चाहिए। जीवन सिर्फ परीक्षा नहीं है। असफल होने से जीवन रुकता नहीं है। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कहा आपका नियमित अध्ययन अध्यापन ही सफलता की कुंजी है। साथ ही विद्यालय के भैया बहनों को परीक्षा विभाग द्वारा एडमिट कार्ड दिया गया। प्रथम कार्यक्रम की समाप्ति के बाद द्वादश के भैया बहनों का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। विद्यालय के सचिव राजकुमार सिंह जी भैया बहनों को तनाव रहित होकर परीक्षा की तैयारी पर जोर देने की बात की। प्रधानाचार्य संजीव कुमार भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना एवं उन्हें लक्ष्य की प्राप्ति करने के लिए आशीर्वचन दिया। मौके पर कक्षा एकादश के भैया बहनों द्वारा नृत्य, संगीत, एवं स्वागत गीत के साथ कक्षा द्वादश के भैया बहनों को दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मेधावी भैया बहनों को सम्मानित किया गया जो विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा सत्र 2024-25 में आयोजित प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किए थे बहन दिव्या कुमारी एकादश को प्रथम स्थान पुरस्कार प्राप्त हुआ। निबंध में द्वितीय स्थान आदित्य कुमार द्वादश आयुष, पलक, साक्षी ये सभी भैया बहनों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## नवल विहार संस्था ने आयोजित किया काव्य गोष्ठी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** नवल विहार साहित्य कला सास्कृतिक मंच के बनैर तले काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे काव्य की बयार बही। चीरा चास में वास्तु विहार फेस वन मे आयोजित इस काव्य गोष्ठी मे गीता कुमारी गुस्ताख ने 'छोड़ो यह सारे गिले, हर शय को लगा लो गले . . . ', अमृता शर्मा ने अपना सा लगे मन रो पड़ें किसी और के चित्कार से, डॉ मुकुद रविदास ने खोरठा काव्य 'एखनो कोन्हो नाय बिगडल हो पढ़ेक उमइर हो . . .', बर्नवाल मनोज अंजान ने कितनी धाराएं मिलते हैं कितने लोग मिलते हैं जीवन में व रजत नाथ 'कभी गम का पहाड़ है कभी ऑसूओं का सैलाब है ...' ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर मंच की बोकारो अध्यक्षा गीता कुमारी गुस्ताख ने कहा कि साहित्य समाज का प्रतिबिंब होता है। हमारा काव्य और रचना में इसका अक्स दिखता है। साहित्य समाज को दिशा देता है और समाज प्रहरी के रूप में यह कार्य करती है। इस अवसर पर मंच के संस्थापक बर्णवाल मनोज अंजान ने गीता कुमारी गुरूताख को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

## पदाधिकारी कर रहे निगरानी 2246 बूथों पर खिलाई जा रही दवा



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो सिटी।** अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने कहा कि फाइलेरिया के प्रति जागरूकता को नीचे तक पहुंचाएं। बीमारी से बचाव के लिए दवा का सेवन करना आवश्यक है। उन्होंने व्यापक प्रचार प्रसार जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने को कहा। मौके पर जिला भीवीडी पदाधिकारी डा. रेणु भारती ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियां की जानकारी दी। कहा कि आज सभी 2246 बूथों पर दवा खिलाया जा रहा है। दवा खिलाने कार्य के लिए पर्याप्त संख्या में ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर एवं इसकी निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में पर्वेक्षकों को लगाया गया है। इसके अलावा जिले के वरीय पदाधिकारी, बीडीओ सीओ एवं चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा भी कार्यक्रम की मानिटरिंग की जा रही है। उल्लेखनीय हो कि, मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए 23 लाख 70 हजार 811 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पर्याप्त संख्या में बूथ बनाया गया है। 10 फरवरी को बूथ पर एवं 11 से 25 फरवरी तक घर घर घूमकर सभी लोगों को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। समाहरणालय सभागार में उपस्थित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ एलएस, विभिन्न कार्यालयों के कर्मी आदि ने भी डीईसी की गोलियों के साथ अल्बेंडाजोल टैबलेट का सेवन किया। उधर, प्रखंडों में भी संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वार फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। चिन्हित बूथों पर लोगों को दवा खिलाया गया।

## 84 बैच वाले सेक्टर 6 स्कूल वाले मैट्रिक पास छात्रों का हुआ पुनर्मिलन




दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** जायका रिसॉर्ट में बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन द्वारा संचालित सेक्टर -6, हाई स्कूल के 84 बैच के मैट्रिक पास छात्रों का रविवार को पुनर्मिलन हुआ। पुनर्मिलन के कार्यक्रम का आयोजन वर्ष 2023 से शुरू हुआ है। वर्ष 2023 में सिटी पार्क के वनभोज स्थल पर करीबन 39 वर्ष बाद मिले दोस्तों ने साल में कम से कम एक बार मिलने की शपथ ली। इसी क्रम में 9फरवरी को सुबह से ही जायका रिसॉर्ट में करीबन दर्जनों छात्र जुटे और अपनी अपनी जीवन की यात्रा को एक दूसरे से साझा किया। इस बार विशेष यह था कि अधिकांश लोग अपनी पत्नी के साथ आए थे। इसमें बोकारो के बाहर से भी कई छात्रों ने भागीदारी निभाई। गीत,संगीत और डांस से पूरे रिसॉर्ट का माहौल दिन भर ऊर्जा से भरा रहा। इस पूरे आयोजन के लिए इस ग्रुप के संयोजक अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में अनिल, गर्जन, संजय, मनोज, अनुप पांडेय, पंकज,शैलेंद्र, अनिल, देवदत, अवधेश अजित, चुन्नू, मोहन, सुनील, पूर्णेंदु, विनोद, धनंजय, पी. एन.पांडेय, चन्द्र भूषण आदि ने फिर मिलने के वादे के साथ एक ये दूसरे से विदा ली।

## प्राप्त सुझावों पर विभाग करेगा सकारात्मक पहल:मंत्री



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर वन स्थित हंस रेजेंसी सभागार में सोमवार को जियाडा बोकारो प्रक्षेत्र के सभी औद्योगिक संघों के प्रतिनिधिगण एवं उद्यमीगण के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सूबे के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग के माननीय मंत्री श्री संजय प्रसाद यादव ने किया। मौके पर जियाडा के सचिव राजेश कुमार सिंह, उपायुक्त सह क्षेत्रीय निदेशक जियाडा विजया जाधव, क्षेत्रीय उप निदेशक मनोज कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में क्रमवार लघु उद्योग भारती, बोकारो चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज, संकल्प उद्यम शक्ति, एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन, एससी-एसटी उद्यमी विकास संघ, झारखंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, एमएसएमई एसोसिएशन ऑफ झारखंड, बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कॉलेज, भेंड्रा हैंड टूल्स प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड एवं नेशनल स्माल इंडस्ट्रीज एंड बिजनेस के प्रतिनिधियों ने व्याप्त समस्याओं और अपने सुझावों, सरकार विभाग से अपनी अपेक्षाओं के संबंध में अपनी बात रखीं। वहीं, सभी ने क्रमवार अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन भी मंत्री को सौंपा। मौके पर अपने संबोधन में मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग संजय प्रसाद यादव ने कहा कि उद्यमीगण द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई है, उनका निदान करने एवं उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर विभाग सरकार सकारात्मक पहल करेगी। अगर कानून में संशोधन की भी आवश्यकता होगी तो मुख्यमंत्री के समक्ष इन बातों को रखते हुए इस दिशा में भी पहल की जाएगी। सभी औद्योगिक संघों के प्रतिनिधिगण उद्यमीगण की बातों को गंभीरता से सुना एवं नोट किया गया है। राज्य के हित में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएं जाएंगें। मौके पर उपस्थित उपायुक्त सह जियाडा की क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती विजया जाधव ने जिला स्तर एवं क्षेत्रीय निदेशक स्तर पर निष्पादित किए जाने वाली समस्याओं के समाधान के दिशा में कार्य करने को कहा। सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत समस्याओं को दूर करने, जिले में स्थापित पब्लिक सेक्टर यूनिट द्वारा कार्य आवंटन में स्थानीय कंपनियों को प्राथमिकता देने को लेकर सभी पीएसयू के साथ बैठक करने आदि की बात कहीं।

## 63 मैट्रिक व 44 इंटर परीक्षा केंद्रों के आसपास एसडीओ ने लगाया धारा 163



दबंग हिन्द,संवाददाता

### 11 फरवरी से 3 मार्च परीक्षा की समाप्ति तक संबंधित क्षेत्रों में निषेधज्ञा रहेगा प्रभावी

**बोकारो।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद राँची के द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा को लेकर 11फरवरी से 3 मार्च तक होना है। माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में पूर्वाह्न 9:45 बजे से 1:00 बजे अपराह्न तक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में अपराह्न 2:00 बजे से अपराह्न 5:15 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा संचालन के समय अन्य बाहरी तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने की आशंका है एवं निर्विक्षकों द्वारा लिए जा रहें परीक्षा के स्वच्छ संचाल में असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा केन्द्रों के चारों तरफ इकट्टा होकर व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है, जिससे विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना है। इसलिए बीएनएसएस की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा एवं अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ ने अपने अपने भौगोलिक क्षेत्रांतर्गत अवस्थित सभी परीक्षा केन्द्रों के परिसर से पाँच सौ गज की परिधि अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों पर रोक लगाया है ताकि शांतिपूर्ण परीक्षा का संचालन हो सके। परीक्षा एवं परीक्षा केन्द्र के कर्तव्यों से संबंधित व्यक्तियों, कर्मियों, परीक्षार्थियों, प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति अथवा व्याक्तियों के निषिद्ध क्षेत्र अंतर्गत प्रवेश कर भ्रमण करने पर रोक है। उल्लेखनीय हो कि, जिले के 63 केंद्रों पर मैट्रिक एवं 44 केंद्रों पर इंटर की परीक्षा होनी है। जिसमें चास अनुमंडल अन्तर्गत मैट्रिक परीक्षा, के लिए 25 परीक्षा केन्द्र एवं इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा, के लिए कुल 20 परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। इसी तरह बेरमो अनुमंडल अंतर्गत मैट्रिक परीक्षा के लिए 38 एवं इंटरमीडिएट के लिए कुल 24 परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है।

## एक नजर

### बेहतर झारखंड ने नरकरा पंचायत में वनवाया खराब कई चापाकल

**बोकारो।** नरकरा पंचायत के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। वर्षों से खराब पड़े चापाकल अब फिर से बहा रहे हैं मीठा पानी और ये संभव हुआ है बेहतर झारखंड संस्था की पहल से। गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से जूझ रहे स्थानीय लोगों ने जब मदद की गुहार लगाई, तो संस्था ने फौरन कार्रवाई करते हुए चार चापाकलों की मरम्मत कर उन्हें जनता को समर्पित कर दिया।बालीडीह निवासी अमन कुमार के मुताबिक, संस्था ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी, एनडी पब्लिक स्कूल शिवपुरी और कॉलोनी के अन्य दो चापाकलों को फिर से चालू किया है। इस पहल से महिलाओं और बच्चों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि अब उन्हें पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। भाजपा नेता विवेक सिंह ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर झारखंड अब तक 10,000 से ज्यादा लोगों तक पेयजल सुविधा पहुंचा चुकी है।

### डीपीएस में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित, स्वस्थ युवाओं से ही बनेगा सशक्त भारत

**बोकारो।** योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के आह्वान पर बोकारो जिला योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन की ओर से सोमवार को डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों के लिए सूर्य नमस्कार का विशेष सत्र आयोजित किया गया। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती से लेकर 12 फरवरी को गुरु रविदास जयंती तक संगठन की ओर से चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार प्रोजेक्ट के तहत संगठन की बोकारो इकाई एवं डीपीएस बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों का गहन अभ्यास किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे बोकारो जिला योगासना खेल संघ के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने कहा कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य मुख्य रूप से स्वस्थ युवा एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना है, इसलिए युवा दिवस से इसकी शुरूआत की गई है। लोगों को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना मुख्य ध्येय है, जिससे कि एक स्वस्थ समाज एवं मजबूत भारत का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार में 12 आसनों का समावेश है, जो शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस के लिए अत्यंत आवश्यक है। संगठन के सचिव एवं विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम झारखंड के सभी जिलों में महासचिव विपिन कुमार पांडेय के निदेर्शानुसार आयोजित किया जा रहा है।इस अवसर पर संगठन की बोकारो इकाई के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय के उप प्राचार्य अंजनी भूषण, संघ के कोषाध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रशासक राजन कुमार सिंह सहित विद्यालय के कई वरीय शिक्षक तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संगठन की संयुक्त सचिव एवं विद्यालय की क्रीड़ा शिक्षिका निभा कुमारी ने सभी को सूर्य नमस्कार एवं ध्यान का अभ्यास कराया।

### मैट्रिक व इंटर के 107 परीक्षा केदो पर 49346 विद्यार्थी देंगे परीक्षा - डीईओ

**बोकारो।** जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने बताया कि जिले में मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 25,910 है। जबकि, इंटर परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 23,436 है। जिले में मैट्रिक परीक्षा को लेकर कुल 63 केंद्र एवं इंटर परीक्षा के लिए 44 केंद्र बनाया गया है। प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं को रखने के लिए संबंधित प्रखंड के राष्ट्रकृत बैंक एवं कोषागार को चिन्हित किया गया है। इससे पूर्व, प्रशिक्षक द्वारा मुख्य सचिव झारखंड सरकार एवं झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित होने वाले मैट्रिक झ इंटर परीक्षा के लिए जारी मार्गदर्शिका के संबंध में विस्तार से सभी केंद्राधीक्षकों को जानकारी दी। वहीं, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो श्री मुकेश मछुआ ने केंद्राधीक्षकों, बीडीओ-सीओ सह पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट स्टैटिक मजिस्ट्रेट आदि को जरूरी दिशा - निर्देश दिया। मौके पर चास एवं बेरमो अनुमंडल से संबंधित सभी केंद्राधीक्षक, बीडीओ-सीओ जिला स्तरीय पदाधिकारी सह पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं कोषागार पदाधिकारी बेरमो बोकारो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### जनता दरबार मे 41 मामलों की सुनवाई, ऑन स्पॉट दर्जनों मामलों का निष्पादन

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक मेनका ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 41 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा दर्जनों मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, जिला भू-अर्जन विभाग, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया श्रम नियोजन मंत्री का स्वागत

**बोकारो।** आज बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने मंत्री संजय प्रसाद यादव श्रम नियोजन, प्रशिक्षण कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग झारखण्ड सरकार के बोकारो आगमन पर स्वागत किया। मौके पर श्री गुप्ता ने बोकारो जिला में प्रशिक्षण कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग से सम्बंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को अवगत कराते हुए विशेष चर्चा किया गया तथा श्रम नियोजन, प्रशिक्षण कौशल विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को सुचारू ढंग से बोकारो जिले के अंतिम व्यक्ति तक लाभ देने पर विचार विमर्श किया गया।

### प्लांट में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

**बोकारो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज्य स्तरीय सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत जय झारखंड मजदूर समाज की ओर से बोकारो स्टील प्लांट मे चलाए जा रहे सदस्यता अभियान कार्यक्रम के बारहवें बिभाग यातायात मे कार्यरत इस्पातकर्मी और ठेकाकर्मी के बीच किया गया। यातायात बिभाग मे कार्य ब्यस्तता के बीच भी समय निकालकर कर्मचारी सदस्य बन रहे है ।इस तरह यह दशार्ता है कि आम लोगों मे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा चहुंओर बिकास के प्रति शहरी क्षेत्र मे जनाधार बढता जा रहा है।

### अमलो मे दो सेवानिवृत कर्मियो को दी गई विदाई

**फुसरो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम अमलो में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एक्सभेंशन के इन्जीनियर विनोद कुमार और फीटर कौलेश्वर ठाकुर सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। संचालन आरसीएमयू के शाखा अध्यक्ष जयराम सिंह ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मैनेजर मुनीनाथ सिंह ने विनोद कुमार और फीटर कौलेश्वर ठाकुर को माला पहनाकर और उपहार दते हुए उनके सुखमय भविष्य की कामना की गई। राकोमयू गणेश मल्लाह ने कहा कि नौकरी करने वालों के लिए एक दिन सेवानिवृत निश्चित है।

### फुटपाथ दूकानदारो ने नप कार्यालय का किया घेराव

**फुसरो।** युवा व्यवसाई संघ फुसरो के बैनर तले फुटपाथ दुकानदारों ने फुसरो नगर परिषद कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन करते हुए ईओ को मांग पत्र सौपा। युवा व्यवसाई संघ के अध्यक्ष वैभव चौरसिया ने नप के ईओ से फुसरो में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए, उपाध्यक्ष जावेद खान व कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार ने कहा कि जितने छोटे व्यापारी हैं सभी कहीं न कहीं से लोन लेकर परिजन का भरण-पोषण कर रहे हैं हटाने से लोन कहां से चुका पाऐंगे। इसपर फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने कहा कि फुसरो शहर को व्यवस्थित बनाने के लिए नगर परिषद की टीम कार्य कर रही है, जल्द बैठक कर समस्या का समाधान किया जायेगा।

### संविधान रक्षा चिंतन समारोह में मंत्री हुए शामिल

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत ललपनिया स्थित कला संस्कृति भवन में आयोजित सम्मान समारोह सह संविधान रक्षा चिंतन शिविर में मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पादन एवं मध निषेध विभाग योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारे संविधान की रक्षा और उसकी महत्ता को रेखांकित करता है, बल्कि हमें इसके मूल सिद्धांतों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को आत्मसात करने की प्रेरणा भी देता हैं। संविधान भारत की आत्मा और सर्वोच्च विधान है। इसका अक्षरशः पालन करना हम सभी का कर्तव्य है।

## इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन रोटरी द्वारा नेत्र जांच शिविर




दबंग हिन्द,संवाददाता

**गिरिडिह।** इनर व्हील गिरिडीह सनशाइन और रोटरी गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान में सीसीएल डीएवी स्कूल में एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कक्षा 3 से 7 तक के लगभग 150 छात्रों की आंखों की जांच की गई। रोटरी आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ तकनीशियनों ने छात्रों की आंखों की गहन जांच की और उनकी दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान की। जिन छात्रों को चश्मे की आवश्यकता होगी, उन्हें निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे बेहतर तरीके से पढ़ाई कर सकें और उनकी दृष्टि से संबंधित समस्याओं का समाधान हो सके।

कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधन के द्वारा सभी उपस्थित मेंबर्स को पुष्प देकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आईडब्ल्यूसी गिरिडीह सनशाइन की अध्यक्ष सोनाली तरवे और रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष रोटेरियन रवि चूड़ीवाला ने शिविर की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभदायक हैं और आगे भी ऐसे सेवा कार्य किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में पीडीसी पूनम सहाय ट्रेजर स्मृति आनंद मोना चूड़ीवाला और क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे इस क्लब इस प्रोग्राम को सफल बनाने में क्लब मेंबर शबाना रवानी ने भरपूर योगदान दिया।

विद्यालय प्रशासन ने इस सराहनीय पहल के लिए आईडब्ल्यूसी गिरिडीह सनशाइन और रोटरी गिरिडीह का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी सहयोग की उम्मीद जताई।

# 105 सेंटर पर होगी वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा

दबंग हिन्द,संवाददाता

- कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिए दिशा निर्देश
- कदाचार करते पकड़े जाने पर की जाएगी एफआईआर
- सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध



**धनबाद।** धनबाद जिले के 105 परीक्षा केंद्रों पर 11 फरवरी से 3 मार्च तक वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। शांतिपूर्ण तरीके से और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उपायुक्त ने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को परीक्षा के दौरान कदाचार करते पकड़े जाने पर परीक्षार्थी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने, परीक्षा केंद्र में पानी, बिजली, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ शौचालय, सीसीटीवी सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा परीक्षा अवधि में सीसीटीवी से निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षार्थियों की अच्छे से जांच करने, उनकी पहचान सुनिश्चित करने, समय पर प्रश्न पत्र केंद्र तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने, परीक्षार्थी के फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ चेहरे का मिलान करने, किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नहीं ले जाने देने, समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने तथा परीक्षा केंद्र के बाहर लोगों का जमवाड़ा नहीं लगने देने का निर्देश दिया। 11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होने वाली वार्षिक माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से संध्या 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी।

बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, डीएसपी सुमित कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में गिरिडीह की महिला टीम को तृतीय स्थान



**गिरिडीह।** जमशेदपुर के टीन प्लेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 8 और 9 फरवरी को आयोजित क्रीड़ा भारती राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में गिरिडीह की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम कोच प्रियंका कुमारी और मैनेजर सुधीर आनंद के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने उम्दा खेल दिखाया।

जिला अध्यक्ष राजेंद्र तरवे और जिला मंत्री अमित स्वर्णकार ने बताया कि इस उपलब्धि से गिरिडीह के कबड्डी खिलाड़ियों में उत्साह है। विजेता खिलाड़ियों–रिमझिम, गंगा, गीता, पीहू, जूही, तारा, सिमरन, सोनू, खुशी, और शिवानी–को बधाई दी गई।

क्रीड़ा भारती के संरक्षक प्रदीप जैन और विजय सिंह के आर्थिक सहयोग से टीम को प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला। अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्वास्थ्य केंद्र में एमडीए का उद्घाटन कर लोंगों को जागरूक किया गया



दबंग हिन्द,संवाददाता

**निरसा।** फाइलेरिया रोग की रोकथाम एवं लोंगों में जागरूकता लेन हेतु निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमडीए का कैम्प लगाया गया और दवा दी गई। कैम्प का उद्घाटन निरसा प्रखण्ड प्रमुख आशा देवी एवं सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय कुमार ने फीता काटकर किया।

सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय कुमार ने उक्त जानकारी देते हुये कहा कि यह अभियान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हर वर्ष के 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान है, इसका मकसद फाइलेरिया रोग को खत्म करना है। इसके लिये लोंगों को मुफ्त दवा दी जाती है। उन्होंने कहा कि साल में एक बार दवा लेने पर पांच साल तक दवा काम करती है। फाइलेरिया को आमतौर पर हांथी पांव भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी मच्छर काटने के कारण होता है। यह बीमारी शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करता है, मसलन हांथ, पैर, स्तन और हाइड्रोसिल। इसका संक्रमण अधिकतर बचपन मे ही हो जाता है।

उन्होंने इस रोग से बचाव की भी जानकारियां दी। कहा कि जंहा आप रहते हैं उस स्थान को स्वक्ष रखे, नालियों की सफाई पर ध्यान दें, मच्छरदानी लगाएं और दवा का सेवन हर कोई करे, स्वस्थ्य व्यक्ति भी दवा ले सकते हैं। बीमार व्यक्ति व गर्भवती महिलाएं दवा नही ले। उक्त अवसर पर प्रमुख आशा देवी, डॉ संजय कुमार, धनेश्वर राम, आशुतोष मुखर्जी, सुरेश प्रसाद, अनिंदि यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

दबंग हिन्द,संवाददाता






**धनबाद।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी लोगों से दवा लेने की अपील उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने सदर अस्पताल में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का शुभारंभ स्वयं डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खाकर किया।

उपायुक्त ने कहा कि 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी। उन्होंने धनबाद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए जिले वासियों से दवा प्रशासक को सहयोग करने और जरूर दवा लेने की अपील की। साथ ही कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान वर्ष में एक बार डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा का खुराक लेने से इस लाईलाज रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि 1 से 2 साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर। 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली दवा प्रशासक द्वारा अपने सामने खिलाई जाएगी। जबकि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी। किसी को भी यह दवा खाली पेट सेवन नहीं करनी है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने फाइलेरिया से पीड़ित दो मरीजों को किट प्रदान की।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, सदर अस्पताल के नोडल डॉ राजकुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित कुमार तिवारी, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह, डीएलओ डॉ मंजू दास, शुभम्‌ कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

## ओल्ड ऐज होम में आर लॉन्च की मदद से हेयर कटिंग करवाया गया

दबंग हिन्द,संवाददाता



**धनबाद।** आर लॉन्च के द्वारा आज सभी बुजुर्ग माता-पिता को हेयर कटिंग ट्रीमिंग,हेयर निशुल्क कराया गया। अध्यक्ष नौशाद ने बातये कि आश्रम में यह पहली बार हुआ कि इस तरह का कार्यक्रम किया गया। जिसके लिए में रोटी बैंक और आर लॉन्च के सभी सदस्यों को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं।

राज ठाकुर ने बताया कि हम सभी सदस्य हमेशा एक ऐसी जगह जाते हैं। जहां लोगों को इस प्रकार की सेवा नहीं मिल पाती है। आज आश्रम में सेवा करने का हम सभी को मौका मिला उसके लिए रोटी बैंक के सभी सदस्यों को में धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं और आगे भी इस प्रकार का कार्यक्रम करता रहूंगा।

संस्था के अध्यक्ष रवि शेखर ने बताया कि हमेशा प्रयास रहता है, जरूरतमंद लोगों तक सेवा पहुंचने की और हमारा मकसद ही है जरूरतमंद लोगों की सेवा करना। जहां और लॉन्च के सभी सदस्य मुख्य रूप राकेश यादव, राज ठाकुर, बिरजू ठाकुर, पवन यादव, आशीष हेयर ट्रेनर, अब्दुल, भारत पंकज, चीकू कनिका, रेखा, वीरा, रीना का सहयोग रहा।

## जीतपुर कोलियरी में असंगठित मजदूरों ने किया प्रदर्शन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**जोड़ापोखर।** सेल कंपनी के जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूरों ने उसकी पीएफ एकाउंट को ऑनलाइन नहीं किए जाने के विरोध में तथा अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार को कोलियरी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूरों ने प्रबंधन विरोधी नारे भी लगाए। मजदूरों ने अपनी मांग पत्र को कोलियरी के जीएम को देकर अविलंब समाधान करने की मांग किया है। मजदूरों का नेतृत्व कर रहे सुरेश सिंह ने कहा कि पिछले एक वर्ष से कोलियरी बंद है। कोलियरी में कोयला उत्पादन को 15 सौ असंगठित मजदूर कार्य करते थे । कोलियरी की खदान में जल रिसाव होने के चलते खदान को बंद कर दिया गया है। खदान बंद होने से असंगठित मजदूरों की आर्थिक हालात खराब हो गई है। पैसे के अभाव में मजदूरों को अपनी पुत्री की शादी करने में परेशानी हो रही है। ससमय बच्चों की पढ़ाई लिखाई तथा बीमार पड़ने पर इलाज कराने में भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। श्री सिंह ने कहा कि उसका पीएफ एकाउंट ऑनलाइन नहीं होने के चलते उसे पीएफ की राशि निकालने में दिक्कत हो रही है। बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ रहा है। मौके पर राजकुमार तिवारी, प्रदीप महतो, दसरथ प्रशाद, अमजद अंसारी, उपेंद्र प्रसाद आदि थे।

## अनीता मजूमदार का अंतराष्ट्रीय मॉडलिंग व अभिनय में बढ़ता कदम

दबंग हिन्द,संवाददाता




**धनबाद।** धनबाद की अमिताभ मजूमदार मॉडलिंग एवं अभिनय में नित्य में आयाम छोड़कर धनबाद का नाम रोशन कर रही है। इंडिया का सबसे बड़ा फैशन शो लैक्मे फैशन वीक में धनबाद की अनीता मजूमदार को सिलेब्रिटी गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। इस संदर्भ में धनबाद की मॉडल और अभिनेत्री अनीता मजूमदार ने एक साक्षात्कार में बताया कि लक्मे ए फैशन वीक मुझे आमंत्रित कर सम्मानित किया और साथ ही साथ आगामी लैक्मे फैशन वीक में बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे एवं अन्य मशहूर मॉडल्स के साथ रैंप वॉक परफॉर्मेंस होगा। इसी महीने फरवरी में इजिप्ट के सबसे बड़े फैशन शो अंतरराष्ट्रीय एलवाईए रैंप शो आयोजित हुआ था जिसमें मैं टॉपर चुनी गई। इसकी ड्रेस डिजाइनिंग नीता खंडेलवाल ने की जो अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ड्रेस डिजाइनर है और मेरी ड्रेस डिजाइनर है। इन्हीं सब मेहनत, उपलब्धियां और धनबाद वासियों के समर्थन और आशीर्वाद से आगामी बहुत सारे वेब सीरीज, एल्बम फिल्मों में अभिनय के ऑफर आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले जापान की लव किल्लन परफ्यूम की ब्रांड इंडोर्स करने के लिए जापान बुलाया गया था कंपनी ने मेरा प्रोफाइल और परफॉर्मेंस देख कर अपने लव किल्लन परफ्यूम का मॉडल चुन लिया। इन सभी सफलताओं के पीछे समस्त धनबाद वासियों एवं मेरी मां का समर्थन और आशीर्वाद है।

# सांसद, विधायक से नहीं मिली मदद डालसा ने दी राहत

दबंग हिन्द,संवाददाता



**धनबाद।** गरीबी से परेशान एक पैंसठ वर्षीय बुजुर्ग बीते कई माहों से सांसद, विधायक, व सरकारी बाबुओं के दफ्तर के चक्कर लगाते थक गया। परंतु कहीं से उसे कोई मदद नहीं मिली। अंततः डालसा ने उसे मदद देकर वृद्धा पेंशन योजना की राशि दिलवाने के लिए पहल की। दरअसल झालसा द्वारा चलाई जा रही 90 दिवसीय आउटरीच अवेयरनेस अभियान के तहत अधिकार मित्र (पीएलवी) दिनेश कुमार महतो व राजू साव,की नजर सड़क पर भटक रहे एक पैंसठ वर्षीय वृद्ध कलाकार पर पड़ी। जो लोगों से मदद की गुहार लगा रहा था। वद्ध अनूप राम ने बताया की उसका देखभाल के लिए कोई परिवार नहीं है। वह पेशे से पेंटर कलाकार था। शारीरिक दुर्बलता के कारण अब वह कुछ भी कर पाने में सक्षम नहीं है। इसलिए उसने मदद के लिए सांसद, विधायक से मदद की गुहार लगाई। कई बार सरकारी दफ्तरों का भी चक्कर लगाकर थक चुका था। परंतु उसे पेंशन की राशि नहीं मिल रही है। इस कारण उसके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

इस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने पहल की। फौरन जिला प्रशासन से बात की 6 महीने से बंद वृद्धा पेंशन को पुन: चालू करवाने के लिए जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी से बात किया गया। पदाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही इनका समस्या का निराकरण किया जाएगा। वहीं न्यायाधीश की पहल पर जिला प्रशासन ने आवास जल्द उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिया है। न्यायाधीश ने बुजुर्ग को ठंड से राहत देने के लिए मौके पर ही कंबल और पौष्टिक भोजन के लिए आर्थिक मदद किया गया।

# मैत्री मैच में मेढा पंचायत को हराकर अनुमंडल की पुलिस टीम चैंपियन बनी

दबंग हिन्द,संवाददाता



**मैथन।** मैथन सिरामिक के सहयोग से मैथन स्थित डीवीसी के मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित पुलिस, पत्रकार, मैथन सिरामिक एवं मेढा पंचायत के बीच आयोजित मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता में निरसा अनुमंडल की पुलिस टीम चैंपियन बनी। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मेढा पंचायत की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवरों में 8 विकेट खोकर कुल 85 रन बनाए। जिसके जवाब में उतरी निरसा अनुमंडल की पुलिस टीम ने 7 बॉल रहते हुए 6 विकेट से प्रतियोगिता जीतकर चैंपियन बनी। इससे पूर्व पहला मैच अनुमंडल पुलिस की टीम और पत्रकारों के बीच हुआ जिसमें निरसा अनुमंडल की पुलिस टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में कुल 121 रन बनाई। जिसका पीछा करते हुए पत्रकार की टीम निर्धारित 12 ओवर में तीन विकेट खोकर 79 रन बना पाई। वहीं दूसरे मैच में मैथन सिरामिक का मुकाबला मेढा पंचायत की टीम से हुआ। जिसमें मैथन सिरामिक की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में कुल 83 रन बनाए। जिसके जवाब में बल्लेबाजी करते हुए मेढा की टीम ने दो विकेट से मैच जीत लिया। इस तरह फाइनल मुकाबला मेढा पंचायत की टीम और निरसा अनुमंडल पुलिस टीम के बीच हुआ। जिसमें निरसा अनुमंडल की पुलिस टीम चैंपियन बनी। इस दौरान मैन ऑफ द मैच का खिताब मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन को दिया गया। जबकि मैन ऑफ द सीरीज पुलिस टीम के छोटेलाल को दिया गया। बेस्ट फील्डर का पुरस्कार निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला को दिया गया। बेस्ट बॉलर का खिताब पत्रकार टीम के कप्तान रामजी यादव को दिया गया, बेस्ट बैट्समैन का खिताब निरसा पुलिस के छोटेलाल को दिया गया। इस मौके पर विजेता एवं उपविजेता टीम को डॉक्टर रोहित गौतम एवं मैथन सिरामिक के निर्देशक अजय शर्मा द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया। मौके पर मैथन सिरामिक के निदेशक अजय शर्मा ने कहा कि यह एक मैत्री मैच था और इस मैच के माध्यम से आपसी समाजश्व को बढ़ाने एवं एकजुटता के लिए किया गया था और भविष्य में ऐसा आयोजन और भी होता रहेगा। वही एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने कहा कि यह मैच आपसी समन्वय एवं विश्वास के लिए आयोजित किया गया था जिसमें पुलिस, पत्रकार, मैथन सेरामिक एवं मेढा पंचायत की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए एकता एवं आपसी सौहार्द का का परिचय दिया।

## एक नजर

### डीएवी बनियाहीर में कक्षा बारहवीं के छात्रों का विदाई समारोह



**जोड़ापोखर।** डीएवी स्कूल बनियाहीर में कक्षा बारहवीं के कला, वाणिज्य, तथा विज्ञान संकाय के छात्रों को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम का आयोजन कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हवन के द्वारा किया गया। इसके उपरांत कक्षा ग्यारहवीं के छात्र -छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारह की छात्रा अनन्या मिश्रा और रीतिका प्रसाद के द्वारा किया गया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आकांक्षा भारद्वाज के द्वारा प्रस्तुत नृत्य की प्रशंसा उपस्थित जन समूह के द्वारा उन्मुक्त कंठ से की गयी। कक्षा नवी की छात्रा रिया और उसके समूह ने अत्यंत मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों के द्वारा सुरुचि अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का निर्देशन विद्यालय की अंग्रेजी की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सोमा बनर्जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एजाज अहमद ने कहा कि जीवन में सर्वदा प्रगति के मार्ग पर अग्रसरित हो। माता -पिता के सपनो को साकार करें, तथा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करें। क्योंकि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि परिश्रम से संबंधित कोई भी समस्या हो तो कभी भी स्कूल आ सकते है। शिक्षक आपकी समस्या के निराकरण के लिए, सर्वदा तत्पर मिलेंगे। वरिष्ठ शिक्षक देवेंद्र कुमार पाणिनि तथा श्री शुभांकर सरकार ने भी छात्रों को अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि किसी भी विषय में कहीं भी समस्या हो तो निःसंकोच किसी भी शिक्षक से मिले, हम सभी आपकी समस्या के निराकरण के लिए हमेशा तैयार है।

### भोजपुरी गायक पवन सिंह ने बाघमारा में दिखाया अपना जलवा

**गिरिडीह।** धनबाद के बाघमारा चिटाहीधाम स्थित श्रीश्री रामराज मंदिर के वार्षिक उत्सव सह नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के मौके पर रविवार की रात भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह का कार्यक्रम हुआ। मंच पर गायक पवन सिंह के पहुंचते ही उसके फैंस दर्शक झूम उठे। पूरा चिटाहीधाम जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। गायक पवन सिंह ने अपने तीखे अंदाज और शानदार आवाज के साथ भोजपुरी भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही गायिका शिल्पी राज ने भी कई भक्ति गीतों की प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं को खूब झुमाया। इसके पूर्व भक्ति संध्या के शुभारंभ से पहले गायक पवन सिंह, धनबाद सांसद ढुलू महतो, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, अतुल सिंह, जयदेव राय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया।

### सेवा संकल्प संस्थान ने मनाया वार्षिक सम्मेलन सह वनभोज समारोह


**धनबाद।** सेवा संकल्प, धनबाद संस्थान के तत्वावधान में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन गीता रानी मेरिज हॉल, 8 लेन, बाईपास रोड में किया गया। जिसमें संस्था से जुड़ी मुख्य बातों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसने संस्था का विस्तार कैसे किया जाए। अधिक अधिक लोगों तक सहायता कैसे पहुंचे। आगामी ब्लड डोनेशन कैम्प के बारे में चर्चा हुई। सेवा संकल्प संस्था में नए लोगों को कैसे जोड़े, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंच पाए। गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा पर चर्चा की गयी, जिसका निर्णय बहुत जल्द लिया जाएगा। इस तरह की सारी बातों पर चर्चा हुई और साथ ही साथ संस्था के कार्यों से प्रभावित होकर बहुत से नए मेम्बर्स का भी कल स्वागत अभिनंदन किया गया। जिनका पूर्ण सहयोग रहा और संस्था के लिए आगे भी पूर्ण सहयोग रहेगा। सेवा संकल्प संस्थान के अध्यक्ष आकाश कुमार मंडल ने कहा कि हमारी संस्था बीते 8 साल से समाज के प्रति सजग रही है और आगे भी रहेगी। जिसका श्रेय संस्था के सभी मेम्बर्स की कड़ी मेहनत से ही संभव हो पाया। संस्था में आकर्ष गुप्ता, सुमित सिंह, मुकेश मंडल, राजकुमार मंडल, मुकेश महतो, राजा दास, समीर मंडल, शुभम सिंह, सुमित मंडल, डंपि मंडल, अजय मंडल, अनूप मंडल, दिनेश दास, गौरब महतो, डॉ दीपक मंडल, गणेश कुमार, मंजीत मंडल, रवीन्द्र मंडल, राजेन्द्र प्रताप, दिलीप महतो, निमाई गोप, शांतो मंडल, नीरज सिंह, राज महतो, लखन कुमार साथ ही संस्था से जुड़े सभी मेंबरस का सराहनीय योगदान रहा।

### झारखंड में धूमधाम से मनाया जाता है कर्मा पूजा



**मैथन।** करम या करमा पर्व झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों की संस्कृति से जुड़ा लोक पर्व है। यह भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार भादो मास की एकादशी में मनाया जाने वाला पर्व करम आदिवासी परंपरा में खास महत्व रखता है। इस दिन आदिवासी पुरुष और महिलाएं मिलकर करम देवता की पूजा करते हैं। इस मौके पर सभी पारंपरिक परिधान लाल पाड़ के साथ सफेद रंग की साड़ी और धोती में जगह-जगह लोक नृत्य करते नजर आते हैं। मैथन पारुलिया, आमकुड़ा, पहाड़बाद, आदि बस्ती आदिवासियों के साथ-साथ सनातन धर्म प्रेमी भी इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। करम पर्व की पूर्व संध्या से ही आदिवासी समाज इसकी तैयारी में लग जाते है। इस पर्व का आदिवासी समुदाय बड़ी बेसब्री से इंतजार करते हैं। क्योंकि करम पर्व के बाद से ही आदिवासी समाज में शादी और शुभ कार्य की शुरूआत की जाती है। आदिवासी समाज के लोग अपने घरों के आंगन में करम वृक्ष की डाल को लगाते हैं। वहीं आदिवासी महिलाएं करम डाल की पूजा कर पारंपरिक तरीके से इसके चारों ओर नृत्य करती हैं। जिससे उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो सके। हर वर्ष भाद्र पद मास के शुक्ल पक्ष के एकादशी तिथि को करम पूजा की जाती है। सनातन धर्म में इस तिथि को करम एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। करम डाल की पूजा इस दिन करम डाली (करम डार) की पूजा की जाती है। आदि परंपरा के अनुसार करम की डाली को पूरे रीति-रिवाज के साथ आदिवासियों के धार्मिक स्थल अखरा में लगाया जाता है। जिसके बाद इसकी पूजा रात में की जाती है। करम पर्व में जावा का महत्व काफी होता है। तीज त्योहार के दूसरे दिन पूजा के लिए लड़कियां घर-घर घूमकर चावल, गेहूं, मक्का जैसे अलग-अलग तरह के अनाज इकट्ठा करती हैं और एक टोकरी में जावा बनाती हैं। पूजा के बाद इसे सभी लोगों में प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। इस प्रसाद रूपी जावा को लोग एक-दूसरे के बाल में या फिर कान में लगाकर करम पर्व की शुभकामनाएं देते हैं। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीककरम पूजा के दौरान करमा और धरमा नाम के दो भाइयों की कहानी भी सुनाई जाती है। महिलाएं खासकर अपने भाइयों की लंबी उम्र और अच्छे भविष्य के लिए व्रत रखती हैं।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत




**गिरिडीह।** कोडरमा में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां एक युवक की रेल के चपेट में आने से मौत हो गई है। यह घटना कोडरमा- गिरिडीह रेलवे लाइन में हुई है। जानकारी के अनुसार कोडरमा-गिरिडीह रेलवे लाइन में जयनगर रोड रेलवे पुल के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 23 वर्षीय सचिन कुमार उर्फ बजरंगी रूप में हुई। वह जयनगर के पंजाब होटल के समीप रहने वाला है। इस घटना में बताया गया कि युवक रेलवे ट्रैक से होकर अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में एक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पैंथर के जवान और परिजनों ने मौके पर पहुंचकर घायल को युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

### भूली सी ब्लॉक से गांजा के साथ रवि सिंह गिरफ्तार



**भूली।** भूली पुलिस ने वरीय अधिकारी के गुप्त सूचना पर भूली सी ब्लॉक से गांजा के साथ रवि सिंह नामक व्यक्ति को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इस संबंध में भूली ओ पी प्रभारी अभिनव कुमार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि भूली के सी ब्लॉक में एक दुकान में अवैध गांजा की बिक्री हो रहा है का सूचना मिलने के बाद इसका सत्यापन होने के बाद पुलिस द्वारा अग्रसर कार्रवाई करते हुए सी ब्लॉक में रवि सिंह नामक व्यक्ति के दुकान पर छापा मारा। दुकान से ब्लू रंग के प्लास्टिक की पोटली में रखा हुआ गांजा बरामद किया। जिसमें पच्चासी पुड़िया गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन करीब तीन सौ ग्राम है।

गांजा बरामदगी में मामला दर्ज कर आरोपी रवि सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध कार्यों का संचालन हो रहा हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

## फाइलेरिया मुक्त अभियान की हुई शुरूआत

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

गुमलाः उपयुक्त गुमला एवं सिविल सर्जन गुमला ने सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफल शुरूआत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एल्बेंडाजोल और डीईसी की गोली खाकर की। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी को समाप्त करने के लिए इस दवा का सेवन आवश्यक है। जब तक सभी लोग इस दवा का सेवन नहीं करेंगे, तब तक समाज से फाइलेरिया को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। ज्ञात हो कि दिनांक 10 फरवरी को जिले के सभी 1673 बूथ पर दवा खिलाई जाएगी जिसे आंगनबाड़ी केंद्र बूथ के रूप में चिन्हित किए गए हैं ।और 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर सहिया और आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन में दी जाने वाली डीईसी एवं एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी। कुल लक्षित लाभार्थी 1014672 लोगों को दवा खिलाना है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पिरामल फाउंडेशन जिला प्रशासन के साथ मिलकर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। फाइलेरिया, जिसे आमतौर पर



हाथी पांव के नाम से जाना जाता है, मच्छर के काटने से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी है। यह दुनिया में दिव्यांगता पैदा करने वाली दूसरी सबसे बड़ी बीमारी है, जो न केवल हाथ-पैरों को बल्कि शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करती है। संक्रमण अक्सर बचपन में हो जाता है, लेकिन इसके लक्षण उभरने में 5 से 15 साल तक का समय लग सकता है। हाइड्रोसील का इलाज संभव है, लेकिन शरीर के अन्य प्रभावित हिस्सों में आई सूजन आमतौर पर लाइलाज होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, झारखंड में चार करोड़ लोगों को इस बीमारी का खतरा है। हालांकि, 2 साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही, दवा को खाली पेट नहीं लेना चाहिए और सभी खुराक एक साथ ली जानी चाहिए।कुछ लोगों में दवा लेने के बाद मामूली प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं, लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है।

## माध्यमिक और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा हेतु

# दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा जैक द्वारा संचालित माध्यमिक और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के निमित प्रतिनियुक्ति किए गए सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों सहित पेट्रोलिंग दल के मजिस्ट्रेट के साथ पारदर्शिता पूर्वक एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाओं के आयोजन को लेकर बैठक करते हुए उचित दिशा निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षा अंतर्गत जिला में मैट्रिक के लिए कुल 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 13898 परीक्षार्थी भाग लेंगे । वहीं इंटरमीडिएट अंतर्गत कला वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय को मिलकर कुल 8931 परीक्षार्थी भाग लेंगे । उपायुक्त द्वारा कहा गया कि कदाचारमुक्त एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजन एवं विधि व्यवस्था के संधारण के लिए निर्देश दिए गए हैं तथा कोषागार में ब्रजगृह बनाते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी के



कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना करते हुए सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी की स्थापना तथा निगरानी हेतु उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है । परीक्षा संचालन हेतु उपायुक्त द्वारा श्री शशिंद्र कुमार बड़ाइक अपर समाहर्ता गुमला को जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी नामित करते हुए तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी को अनुमंडल स्तरीय उड़नदस्ता दल के पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है । साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों के सौ मीटर की परिधि में धारा 144 लगाने हेतु निर्देश दिए गए हैं तथा पूरे बोर्ड परीक्षा के शांतिपूर्ण तरीके से सफल संचालन हेतु उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो तथा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय श्री वीरेंद्र टोप्पो को प्रभारी बनाया गया है । इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों शिक्षकों तथा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी लोगों सहित जन सामान्य से पारदर्शितापूर्ण तरीके से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन में सहयोग की अपील की गई है ।

## एक नजर

### शब ए बारात को लेकर सिसई के लरंगो गांव की लोगों ने कब्रिस्तान का किया सफाई

**दबंग हिन्द , गुमला।** मुस्लिम समुदायो का त्योहार शब-ऐ-बरात को लेकर सिसई प्रखंड के लरंगो गांव मे मौजूद कब्रिस्तान का समुदाय के लोगो के द्वारा साफ-सफाई किया गया। शब ऐ बरात को मगफेरत या क्षमा की रात



कहा जाता है।इस त्योहार मे मुस्लिम समुदाय के लोग अपने गुनाहो माफ कराने के लिए रात भर अल्लाह की इबादत करते है और कब्र मे जाकर मरहूम मरहूमातो के लिए दुवाए मगफेरत करते हैं।साथ ही अपने गुनाहो का अल्लाह से माफी मांगते हैं। इस रात अल्लाह गुनहगारो को माफ करते है। इस रोज कब्र को साफ सफाई किया जाता है।इस त्योहार मे मुस्लिम समुदाय अपने अपने घरो को साफ-सफाई करते है।अपने परिवार के साथ साथ देश दुनिया के लिए अमन चैन,खुशहाली व भाईचारगी के लिए दुआ करते हैं। मुस्लिम समुदाय बडे ही सादगी के साथ इस पर्व को मनाते हैं।

### पीएनबी के एटीएम में चोरी का प्रयास

**दबंग हिन्द , रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के काली मंदिर रोड स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम में नकाबपोशों ने चोरी की कोशिश की. समय पर सायरन बजने के कारण चोरी की वारदात नहीं



हुई. इस मामले में पीएनबी बैंक हिनू शाखा की ब्रांच मैनेजर सुधा भारती ने डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. कहा है कि सात फरवरी की मध्य रात्रि 12:41 बजे एटीएम में चोरी की कोशिश की गयी. एक अपराधी हुडी से अपना चेहरा ढंका हुआ था. साथ ही अपने हाथ में एक लकड़ी का डंडा लिये हुआ था. एटीएम लॉबी के अंदर वह डंडा लेकर गया था. उसने मशीन के ऊपरी हिस्से को जोर से खोला. इस दौरान स्थिति की गंभीरता को समझते हुए हमारे सीएमएस कमांड सेंटर के कार्यकारी ने तुरंत दोतरफा संचार किया. साइट पर सायरन बजाया. इसके बाद फिर बदमाश एटीएम लॉबी से निकल गया. पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हुआ है।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर का नौवां वार्षिकोत्सव का समापन

**दबंग हिन्द , रांची।** तीन दिवसीय श्री चैती दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव सोमवार को महाआरती के साथ समाप्त हो गया. इस अवसर पर भक्त सुबह से मंदिर परिसर पहुंच रहे थे. मां के दर्शन के लिए लोगों को भीड़ उमड़ने लगी थी.



गायन मंडली की ओ से मां की भक्ति शेरा वाली मैया गीत गाए जा रहे थे. इसके संग भक्तों ने भी मां की गीतों से सरोबार हो रहे थे. दोपहर को हवन, आरती, पुष्पाजलि, भंडारा का आयोजन किया गया. इसमें एक हजार श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किए गए.मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह, किशोर साहू, उदय साहू, शंकर दुबे, गोपाल पारीक, महेश चन्द्रा, रमेश गुप्ता, नन्द किशोर सिंह चंदेल, शेखर गुप्ता, सुनील यादव, राजेश ठाकुर, यश वर्मा, बबलू वर्मा, शंकर साहू, लीलू प्रसाद, मुन्ना शर्मा, राकेश सिंह, राजेश अग्रवाल, अमित झुंनवाला, नमन भारतीय, शंकर सिन्हा, करण सिंह, सुमित तिवारी, मोहित रजक, आशीष रजक, आकाश रजक, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### लूटपाट में शामिल दो युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दबंग हिन्द , रांची।** लूटपाट में शामिल दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि आठ फरवरी की



रात 9.30 बजे लालपुर थाना क्षेत्र स्थित आरके मार्केट के पास स्थित रोड पर अपने घर जा रहे एक युवक से बाइक पर सवार दो युवकों द्वारा मोबाईल लूट लिया गया था. जिसके बाद लालपुर थाने मे इसकी शिकायत की गई थी. जिसके आधार पर लालपुर थाना द्वारा कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए रितिक सोनी और अशोक कुमार सिंह गिरफ्तार किया गया. इनके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक और लूटे गये मोबाईल को बरामद किया गया है. रितिक कुमार का पहले से आपराधिक इतिहास है।

## नंबर बदल कर चला रहे थे चोरी की बाइक, दो गिरफ्तार



**रांची।** पंडरा ओपी की पुलिस ने बाइक नंबर प्लेट बदल कर चलाते हुए दो युवक आयुष लिंडा व प्रशांत कुमार को गिरफ्तार किया है. उनके पास से चोरी की बाइक बरामद की है. इस संबंध में दारोगा शंकर टोप्पो के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है. जिसमें उन्होंने कहा है कि पंडरा ओपी थाना क्षेत्र के रवि स्टील के समीप झारखंड नर्सरी के पास चेकिंग अभियान में लगे हुए थे. उसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे. बाइक के आगे प्लेट पर नंबर था, जबकि पीछे नंबर नहीं था. जब पुलिसकर्मियों ने बाइक रोकने का इशारा किया, तो दोनों बाइक से उतर कर भागने लगे. पुलिस ने दोनों को दौड़ा कर पकड़ा और बाइक को जब्त कर लिया. बाइक के सही मालिक के संबंध में पूछने पर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## सदर अस्पताल के डॉक्टर्स हॉस्टल में अवैध रूप से रह रहे थे 46 लोग, कराया गया खाली

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल रांची परिसर में 10 वर्ष पहले डॉक्टर हॉस्टल बनाया गया था. लेकिन आज तक इस हॉस्टल को अस्पताल प्रबंधन के हवाले नहीं किया गया. इसी हॉस्टल के एक कमरे में शुक्रवार की देर रात दो नाबालिग के साथ दुष्कर्म की वारदात हुई. इसमें चार आरोपियों को लोअर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया था. इसमें से एक सदर अस्पताल का ट्रॉली मैन था. मामला सामने आने के बाद रविवार को सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर बिमलेश ने डॉक्टर हॉस्टल का जायजा लिया. इस दौरान पाया कि घटना में शामिल ट्रॉली मैन के अलावा अस्पताल के कुछ तकनीशियन और स्टाफ सहित कुल 46 लोग अवैध रूप से उस हॉस्टल में रह रहे थे. जबकि उस हॉस्टल में बिजली और पानी की सुविधा नहीं थी. लेकिन इसको देखने वाला कोई नहीं था. जब घटना सामने आयी, तब उपाधीक्षक ने अपनी मौजूदगी में डॉक्टर हॉस्टल में अवैध रूप से रह रहे 46 लोगों से हॉस्टल खाली कराया. इस दौरान लोअर बाजार थाना के प्रभारी दयानंद और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे. कमरे को



खाली कराने के बाद सभी कमरे में उपाधीक्षक ने खुद ताला बंद कराया. फिर से डॉक्टर हॉस्टल का रिनोवेशन कराने की तैयारी : वर्तमान में डॉक्टर हॉस्टल की स्थिति जर्जर है. इसको फिर से रिनोवेशन कराने की तैयारी है. विभागीय अधिकारी बताते हैं कि विभाग ने इसके लिए पैसे की स्वीकृति दे दी है. रिनोवेशन के बाद सदर अस्पताल में भविष्य में आने वाले ट्रेनी डॉक्टर को हॉस्टल आवंटित किया जायेगा. दुष्कर्म के दो आरोपियों को जेल व दो को सुधारगृह भेजा गया : लोअर बाजार पुलिस ने आरोपी दो नाबालिगों को डुमरदगा स्थित बाल सुधारगृह और दो बालिग आरोपियों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया. वहीं दोनों पीड़िताओं को प्रेमाश्रय में रखा गया है. पुलिस दोनों का 144 के तहत कोर्ट में बयान दर्ज करायेगी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रामगढ़।** सोमवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु साइन बोर्ड कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के द्वारा वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलने व अवैध परिवहन पर लगाम लगाने हेतु समय-समय पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिए पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से जिले के सभी क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। ताकि लोगों में जागरूकता फैल और वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें जिससे हो रही दुर्घटनाओं को काम किया जा सके। बैठक मे अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/ अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रामगढ़।** सोमवार को उपायुक्त, चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया बैठक मे सर्वप्रथम जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक



में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न रेलवे साइडिंग का निरीक्षण कर नियम अनुसार खनिजो का परिवहन सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। बैठक मे जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, थाना प्रभारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन रांची शाखा का चुनाव संपन्न

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन रांची शाखा का चुनाव रविवार को संपन्न हो गया. चुनाव अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, केंद्रीय सदस्य, अंकेक्षक के आठ पदों के लिए हुआ. चुनाव सुबह आठ बजे से शाम सात बजे तक चला. चुनाव कार्य कांके रोड स्थित न्यू पुलिस लाइन के शहीद डीएसपी यूसी झा हॉल में संपन्न हुआ. इसमें 3662 वोटरों ने पदाधिकारियों का चुनाव किया. चुनाव बैलेट पेपर से हुआ. पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के महामंत्री मृत्युंजय सिंह, उपाध्यक्ष देव चरण मुंडा शामिल हुए. चुनाव संपन्न कराने में मनोनीत सहायक महामंत्री नंद किशोर शर्मा जबकि चुनाव पदाधिकारी के रूप में हजारीबाग शाखा के अध्यक्ष पिंटू सिंह तथा रामगढ़ शाखा के पदाधिकारी करण यादव ने चुनाव कार्य कराने में अहम



भूमिका निभायी. चुनाव के दौरान दिन भर गहमा-गहमी रही. इस दौरान निरीक्षण करने के लिए सिटी एसपी राजकमार मेहता पहुंचे. चुनाव सिटी डीएसपी केवी रमन तथा अमर पांडेय की देखरेख में संपन्न हुआ. चुनाव समाप्त होने के बाद चुनाव कार्य में लगे पदाधिकारी थोड़ी देर के ब्रेक के बाद वोटों की गिनती करने में लग गये. देर रात तक गिनती होती रही. चुनाव कार्य के दौरान रांची शाखा के अध्यक्ष जितेंद्र किंडो, महामंत्री संजय पासवान सहित सभी पदाधिकारी चुनाव पदाधिकारियों का सहयोग कर रहे थे. इधर, सभी चुनाव पदाधिकारी देर रात तक वोटों की गिनती में लगे हुए थे।

### आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में करोड़ों की परिसंपत्तियों का होगा वितरण



**दबंग हिन्द , रांची।** पलामू जिले में 11 और 12 फरवरी को आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन किया जाएगा. यह मेला झारखंड सरकार द्वारा राजकीय मेला घोषित किया गया है और इसमें करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा।

**विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभः** इस मेले में विभिन्न सरकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़ी सभी जानकारियां मिलेंगी. वे इनका सीधा लाभ उठा सकेंगे।

**राजा मेदिनीराय की विरासत को संजोने का अवसरः** यह मेला चेरो वंश के महान शासक राजा मेदिनीराय की याद में हर साल आयोजित किया जाता है. इस मेले की शुरूआत झारखंड के पहले विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह रामधारी की पहल पर हुई थी।

**आदिवासी समुदाय के विकास के लिए महत्वपूर्ण मंचः** यह मेला झारखंड के आदिवासी समुदाय और उनकी संस्कृति को सशक्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है. इस साल का मेला सिर्फ एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के विकास और सरकारी लाभ वितरण के नजरिए से भी बेहद महत्वपूर्ण होगा।

### खलारी में सीसीएल कर्मी को अपराधियों ने पैर में मारी गोली




**दबंग हिन्द , रांची।** अज्ञात अपराधियों ने सीसीएल कर्मी को पर में गोली मारकर घायल कर दिया है. यह घटना सोमवार की दोपहर जिले के खलारी थाना क्षेत्र के चुरी में हुई है. जहां अज्ञात अपराधियों ने सीसीएल कर्मी प्रदीप साव के ऊपर गोलीबारी की. गोली प्रदीप साव को पैर मे लगी. इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा प्रदीप साहू को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया. वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी हुई है,हालांकि अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि किसी विवाद को लेकर प्रदीप साव के ऊपर गोलीबारी की घटना हुई है।

# जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय मिर्गी दिवस का किया गया आयोजन

- मिर्गी एक न्यूरोलाजिकल विकार है जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं की असामान्य गतिविधि के कारण मरीज को दौरे पड़ सकते हैं : डॉ ममता भूषण
- जिले में मिर्गी रोगियों के इलाज हेतु आगामी 11 एवं 12 फरवरी को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के नगर भवन में आज अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस का आयोजन किया गया। नगर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), प्रखंड सहिया सहजकर्ता(बीएएफ) और सहिया साथी ने भाग लिया। कार्यालय का उद्घाटन एम्स दिल्ली की डीएम न्यूरोलॉजी प्रोफेसर डॉ ममता भूषण सिंह, सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार , डीआरसीएचओ डॉ सुनील राम द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ ममता भूषण सिंह ने कहा कि मिर्गी एक न्यूरोलाजिकल विकार है।जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं की असामान्य गतिविधि के कारण मरीज को दौरे पड़ सकते हैं। यह दौरे व्यक्ति के व्यवहार, शारीरिक क्रियाओं और चेतना पर प्रभाव डालते हैं। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने कहा कि इस बीमारी को लेकर समाज में फैले अंधविश्वास को



दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट आशा फाइटिंग एपिलेप्सी एंड सुपरस्टिशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट आशा के तहत डॉ ममता भूषण सिंह स्वयं और उनके टीम द्वारा समय-समय पर जिले में जांच शिविर लगाया जाता रहा है। प्रभारी डीआरसीएचओ डॉ सुनील राम ने कहा कि मिर्गी रोगियों के इलाज हेतु आगामी 11 फरबरी को प्रखंड कार्यालय के समीप पुराना समाहनालय भवन और 12 फरबरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो में शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, जिला कार्यक्रम समन्वयक सहिया सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सभी प्रखंड आशा सहजकर्ता, सभी सहिया साथी उपस्थित थे। मिर्गी रोगियों के इलाज हेतु आगामी 11 एवं 12 फरवरी को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।उपायुक्त कर्ण सत्यार्थि के निदेर्शानुसार इस कार्यक्रम की शुरूआत 10 फरवरी को नगर भवन गुमला में उद्घाटन समारोह के साथ होगी, जहां जिले के चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के डॉक्टरों एवं अन्य संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर का आयोजन 11 फरवरी को गुमला सदर अस्पताल में और 12 फरवरी को भरनो प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में किया जाएगा।इस चिकित्सा शिविर में मिर्गी के मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। एम्स दिल्ली की डीएम न्यूरोलॉजी, प्रोफेसर डॉ. ममता भूषण सिंह अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ उपस्थित रहेंगी और मरीजों का उपचार करेंगी। मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं की असामान्य गतिविधि के कारण मरीज को दौरे पड़ सकते हैं। यह दौरे व्यक्ति के व्यवहार, शारीरिक क्रियाओं और चेतना पर प्रभाव डालते हैं।इस बीमारी को लेकर समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ₹प्रोजेक्ट आशा झ्र फाइटिंग एपिलेप्सी एंड सुपरस्टिशन₹ कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर ममता भूषण सिंह द्वारा समय-समय पर जिले के चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) एवं सहिया कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे मिर्गी रोग की पहचान एवं उपचार में सहायता कर सकें।

जिले के सभी नागरिकों से अपील है कि वे इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और मिर्गी रोगियों को समुचित उपचार दिलाने में सहयोग करें।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन'' गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक : अब्दुल कुद्दुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

# नीतीश के पाला बदलने का खतरा तो टला



कुमार कृष्णन

दिल्ली में हुई जीत के बाद बिहार में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति और प्रभाव पहले की अपेक्षा ज्यादा मजबूत होंगे। चुनाव परिणाम से एडीए ने नेताओं में खासा जोश है। महाराष्ट्र की तरह भाजपा बिहार में स्थिति मजबूत कर सकती है। बिहार में बिना नीतीश कुमार के चेहरे भाजपा चुनाव मैदान में नहीं उतर सकती है। उत्साह में भाजपा अपने सहयोगियों को दरकिनार आगे बढ़ने की गलती नहीं करेगी। इसका कारण नीतीश कुमार के चेहरे के साथ साथ मोदी का मैजिक भी होगा।

करीब तीन दशकों से दिल्ली में चुनावी जीत का इंतजार कर रही भारतीय जनता पार्टी वनवास खत्म हुआ और दिल्ली की सत्ता हासिल हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इससे पहले दिल्ली में आखिरी चुनाव 1993 में जीता था। पिछले कुछ चुनावों में भी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे को आगे रखकर चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत उससे दूर ही रही। एनडीए की जीत से नेताओं के हौसले बुलंद हैं। अब बिहार की बारी है। दिल्ली के चुनाव परिणाम का असर बिहार की राजनीति पर भी पड़ेगा। यहाँ इस साल की अंतिम तिमाही में बिहार में चुनाव होने हैं। हालांकि दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद बिहार में समय से पहले ही चुनाव की चर्चा फिर शुरू हो गई है। अगले माह चुनाव आयोग की टीम के बिहार आने की चर्चा है। इसे बिहार में समय से पहले चुनावी आहट के रूप में महसूस किया जा रहा है।

दिल्ली में हुई जीत के बाद बिहार में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति और प्रभाव पहले की अपेक्षा ज्यादा मजबूत होंगे। चुनाव परिणाम से एडीए ने नेताओं में खासा जोश है। महाराष्ट्र की तरह भाजपा बिहार में स्थिति मजबूत कर सकती है। बिहार में बिना नीतीश कुमार के चेहरे भाजपा चुनाव मैदान में नहीं उतर सकती है। उत्साह में भाजपा अपने सहयोगियों को दरकिनार आगे बढ़ने की गलती नहीं करेगी। इसका कारण नीतीश कुमार के चेहरे के साथ साथ मोदी का मैजिक भी होगा। जद यू के नेता चाहते हैं कि नीतीश कुमार चेहरे से ही चुनाव लड़ा जाय। भाजपा इसे लेकर कोई जोखिम मोल लेने के पक्ष में नहीं है। नीतीश कुमार को लेकर भाजपा त्याग ही कर रही है। भाजपा के समर्थन से बिहार में एनडीए की सरकार बनने की उम्मीद है। मुख्य मंत्री के रूप में नीतीश कुमार एनडीए के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगें। बिहार एनडीए में जद यू, भाजपा, हम, लोजपा रामविलास राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा शामिल है।

दूसरी ओर तेजस्वी को इस बार महागठबंधन की सरकार बनने की पूरी उम्मीद है। हालांकि दिल्ली चुनाव परिणाम देख कर उनका उत्साह कमजोर पड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता।



राष्ट्रीय जनता दल के मुख्यमंत्री चेहरा तेजस्वी यादव पहले से ही बिहार के जिलों का दौरा कर रहे हैं। वे पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे हैं। उम्मीदवारों के बारे में संवाद कर रहे हैं। महागठबंधन की सरकार बनने पर जनता के लिए वे क्या-क्या करेंगे, इसकी भी जानकारी देते रहे हैं। माई-बहिन सम्मान योजना, 200 यूनिट फ्री बिजली देने और सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाने की वे घोषणा कर चुके हैं।


बिहार में गठबंधन का नेतृत्व राष्ट्रीय जनता दल ही कर रही है। गठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्र तेजस्वी यादव न सिर्फ. सीटों का बंटवारा करते हैं, बल्कि साथी दलों के उम्मीदवार का टिकट तक वितरण करते हैं। इसमें कई बार कांग्रेस को भी झुकना पड़ा है। दिल्ली के नतीजे के बाद लालू प्रसाद को यह लगने लगा है यदि गठबंधन टूट गय तो सत्ता हासिल करना ज्यादा मुश्किल होगा। यह कयास लगाया जा रहा है कि इस चुनाव परिणाम के बाद इंडिया गठबंधन के सभी दल कांग्रेस को किनारा कर सकते हैं। दिल्ली के चुनाव से पहले ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की इच्छा जताया थी। लालू प्रसाद यादव, उमर अब्दुला , शरद पवार, अरविंद केजरीवाल आदि नेताओं ने समर्थन किया था। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में तकरार होती है या खटास बढ़ती है इसका असर महागठबंधन पर पड़ेगा । वह टूट भी सकता है। इसका कारण यह है कि लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी को देने का समर्थन किया है। राज्य मे इंडिया गठबंधन में राजद, कांग्रेस के अलावा वीआईपी पार्टी भी है। बिहार में भी राहुल गांधी ने अपने दो दौरों में जिस तरह जातिगत जनगणना पर सवाल उठाए, उससे राष्ट्रीय जनता दल के भी कान खड़े हो गए हैं। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल आधार वोटों में मुस्लिम मतदाता कॉमन हैं। असदुद्दीन ओवैसी पहले से ही मुस्लिम वोटों के बंटवारे का ट्रेलर दिखा चुके हैं।राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष कांग्रेस को किनारे कर सकता है। गुजरात, पंजाब के बाद हरियाणा और दिल्ली में कांग्रेस ने जिस तरह विपक्षी एकता को तार-तार किया है, उसका खामियाजा तो उसे भोगना ही पड़ा, इंडिया ब्लॉक के साथी दलों से उसका तालमेल भी टूट गया। कांग्रेस ने भी हरियाणा और दिल्ली जैसा रुख अपनाया तो मुस्लिम वोटों का बंटवारा तय है। यह राष्ट्रीय जनता दल के सपनों पर पानी फेर सकता है, जो तेजस्वी को मुख्य मंत्री बनाने का सपना देख रहा है। दिल्ली के चुनाव परिणाम के बाद राजग गठबंधन में शामिल हम ज्यादा ही उत्साहित है। केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना दिवास्वप्न है। 225 सीटों के साथ बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।उप मुख्य मंत्री विजय कुमार सिन्हा नीतीश कुमार को एडीए का सर्वमान्य नेता बताते हैं।

मुख्य मंत्री नीतीश कुमार भी अपनी प्रगति यात्रा इस माह पूरी कर लेंगे। नीतीश जिस भी जिले में जाते हैं, वहां चल रही सरकारी योजनाओं की समीक्षा करते हैं। नई योजनाओं की घोषणा करते हैं। उद्घाटन-शिलान्यास के काम भी संग-संग कर रहे हैं। इससे लगता है कि सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों चुनाव के लिए तैयार हैं। दिल्ली चुनाव परिणाम का असर यह हो सकता है कि समय से पहले चुनाव हो जाएं। भाजपा इस उत्साह को बेकार नहीं जाने देगी। बिहार में इसे भुनाने का वह भरपूर प्रयास करेगी। संभव है कि भाजपा को पहले से बेहतर परिणाम इस बार मिले। इसकी दो वजहें हैं। पहली यह कि नीतीश कुमार भी अब भाजपा से रार मोल लेने से बचेंगे। जिद कर नीतीश कुमार और चिराग पासवान ने दिल्ली में एक-एक सीट ले ली थी। पर, उनके उम्मीदवार जीत नहीं पाए। इसलिए भी दोनों नैतिक रूप से भाजपा का दबाव महसूस करेंगे। सीटें के बंटबारे में वे अब सख्त तेवर अपनाने से बचेंगें। नीतीश कुमार के बार-बार के इनकार के बावजूद यह खतरा बना हुआ था कि वे फिर कहीं पाला न बदल लें। अब वे भाजपा की स्थिति सुधरता देख कर शायद ही पाला बदल की बात सोचेंगे। शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों के शिंदे की शिवसेना में शामिल होने की चर्चा से भी नीतीश कुमार यकीनन भय महसूस कर रहे होंगे। ऐसे में उनके पाला बदलने का खतरा कम हो गया है।

## संपादकीय

### दिल्ली में ऐतिहासिक जनादेश

भाजपा का दिल्ली में 27 साल से चला आ रहा राजनीतिक वनवास शनिवार को समाप्त हो गया जब उसने 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीट जीत कर आम आदमी पार्टी (आप) के तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के मंसूबे पर पानी फेर दिया। आप को 22 सीटें मिलीं। कांग्रेस अपना खाता तक खोलने में लगातार तीसरी बार नाकाम रही। भाजपा को 45.81 फीसद मत मिले जबकि आप ने 43.56 फीसद मत हासिल किए और कांग्रेस को 6.36 फीसद मतों पर संतोष करना पड़ा। आप के लिए सर्वाधिक निराशाजनक रहा कि उसके राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पार्टी में नंबर दो मनीष सिसोदिया समेत सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन समेत कई धुरंधरों को मतदाताओं ने नकार दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो दिल्ली में भाजपा की जीत के प्रमुख कर्णधार रहे, अपनी पार्टी को 'प्रचंड़ जनादेश' मिलने पर मतदाताओं का आभार जताते हुए आश्वस्त किया है कि राजधानी के चौतरफा विकास और लोगों का जीवन उत्तम बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा की जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली एक दशक की 'आप-दा' से मुक्त हुई है। कांग्रेस की इस बार भी दुर्गत हुई। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व में 15 साल तक सरकार चलाने के बाद सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस इस बार भी एक भी सीट हासिल न कर सकी। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ी कांग्रेस के तीन प्रत्याशी ही जमानत बचा सके। अलबत्ता, पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले उसके मत प्रतिशत में दो फीसद से ज्यादा बढ़ोतरी जरूर हुई है। आप का जन्म मध्यम वर्ग की तत्कालीन राजनीतिक माहौल से निराशा की वजह से हुआ था लेकिन बाद के वर्षों में आप खुद को गरीबों के लिए काम करने वाली चैंपियन पार्टी के रूप में उभारने सफल रही। लेकिन राजधानी में नागरिक सेवाओं की चरमराई स्थिति से पनपे आम जन के आक्रोश से बच न सकी। दिल्ली नगर निगम में भी आप की सत्ता होने के कारण आप के लिए यह भी संभव न था कि निगम की काहिली बता कर जनाक्रोश से खुद को बचा ले जाती। शराब घोटाला, जिसमें उसके कुछ वरिष्ठ नेताओं को जेल भी जाना पड़ा, आलीशान मुख्यमंत्री आवास, जिसे भाजपा ने शीशमहल कहा, जैसे मुद्दे ऐसे रहे जिनसे केजरीवाल की छवि खासी धूमिल हो गई। उनकी 'कट्टर ईमानदार' की छवि को इन दो बातों ने चकनाचूर कर दिया। वे जनता को विश्वास ही नहीं दिला पाए कि उन्होंने भ्रष्टाचार नहीं किया है।




## चिंतन-मनन

### युवकत्व की पहचान

मनुष्य स्वतंत्र संकल्प का स्वामी होता है। उसका संकल्प जैसा होता है, व्यक्तित्व भी वैसा ही ना\मत हो जाता है। सृजन और ध्वंस के संस्कार मनुष्य के भीतर होते हैं। उन संस्कारों को वह संकल्पशक्ति के सहारे बदल सकता है। जिस व्यक्ति में विधायक भावों की प्रचुरता होता है वह ध्वंसात्मक संस्कारों को सृजनशीलता में बदल लेता है। निषेधात्मक भाव व्यक्ति को व्रूरता, हिंसा, अनुशासनहीनता, असदाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं। जिस राष्ट्र और समाज में हिंसा का बोलबाला होता है, रास्ते चलते बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतार दिया जाता है, वह उस राष्ट्र और समाज का दुर्भाग्य होता है। उस दुर्भाग्य से बचने के लिए अहिंसक शक्तियों को जगाने और संगठित बनाने की जरूरत है। यह सच है कि हिंसक वारदातें आदमी के मन में दहशत पैदा कर देती हैं। दहशत की स्थिति में कोई भी व्यक्ति न तो सही ढंग से सोच सकता है और न ही अपनी क्षमताओं का उपयोग कर सकता है। भयोत्पादक परिस्थितियों का प्रभाव बच्चों और वृद्धों पर अधिक होता है। युवकों में भय की मात्रा कम होती है। वे जान-बूझकर खतरों को मोल लेते हैं। उनकी मानसिकता साहसिक काम करने की रहती है, किंतु इसमें भी विवेक की अपेक्षा है। विवेक के अभाव में युवक कुछ ऐसे काम कर लेता है, जो उसे उम्र से कई वर्ष आगे ढकेल कर जर्जर बना देते हैं। देश की युवा पीढ़ी सही अर्थ में अपने यौवन को सुरक्षित रखना चाहे और कोई कीर्तिमान स्थापित करना चाहे तो उसे प्रतिस्त्रोतगामी बनना होगा। अनुस्त्रोत में बहना सरल होता है। एक पतला-सा तिनका भी प्रवाह में बह जाता है, पर विपरीत दिशा में बहने के लिए शक्ति की जरूरत होती है। भोगवादी प्रवृत्ति युग का प्रवाह है। इस प्रवाह को मोड़कर त्यागप्रधान मनोवृत्ति का निर्माण करना युवा होने की सार्थकता है। सत्य के प्रति अनास्था लोकजीवन का एक स्वर है। इस स्वर को बदल कर सत्यनिष्ठा का विकास करना युवकत्व की पहचान है।

# केजरीवाल तो निपट गए मगर कांग्रेस के लिए मुख्य चुनौती मोदी!



शकील अख्तर

यही वह पाइंट है जहां से कांग्रेस को आगे सोचना होगा। कांग्रेस को इसलिए कि वह राष्ट्रव्यापी दल है। सबसे बड़ा विपक्षी दल। बाकी विपक्षी दल उससे लड़ लिए, साथ भी आए, मोदी की तरफ भी झुके मगर कोई भी पूरे देश में अपनी वह स्थिति नहीं बना सका जो कांग्रेस की है। कमजोर से कमजोर होने के बावजूद वह हर गांव-मोहल्ले में है। इसलिए मोदी के खिलाफ अगर कोई लड़ सकता है तो वह कांग्रेस ही है।

सिर्फ आम आदमी पार्टी के बीच से हटने से कांग्रेस खुश नहीं हो सकती! कांग्रेस को दिल्ली में अपनी जगह वापस लेने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ेगी और यह भी समझना पड़ेगा कि उसने 11 साल कुछ खास नहीं किया।

बीजेपी के सीधे सामने तो वह कई राज्यों में है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात कई राज्यों में। और मध्य प्रदेश में तो वह मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले से हार रही है। 21 साल से ज्यादा हो गए। बीच में एक चुनाव 2018 वह जरूर जीती। मगर एक साल से बस कुछ ही समय ज्यादा चल पाई। सरकार बीजेपी ने तोड़ी। मगर कमलनाथ का अहंकार भी कम जिम्मेदार नहीं है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ही भाजपा में जाने वाले एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिनके पास कोई कारण था। कमलनाथ लगातार जिस तरह उनकी अनसुनी कर रहे थे और अंत में जिस तरह यह कहकर उकसाया कि उतर जाओ सड़क पर वह किसी भी बड़े नेता के लिए सुनना मुश्किल था। तो मध्य प्रदेश में जहां बीच में कोई नहीं है कांग्रेस कम बैक नहीं कर पाई। इसलिए सिर्फ यह सोच कर खुश होना कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के निपट जाने से कांग्रेस अपने आप मजबूत हो जाएगी वही सोच है जो 2014 से तमाम कांग्रेसी नेता लिए घूम रहे हैं कि केन्द्र से कभी तो मोदी हटेंगे फिर हम ही को आना है। मध्य प्रदेश का केस इसे समझने के लिए सबसे सटीक है। वहां उमा भारती जैसी बड़ी नेता को हटाकर उस समय कम परिचित चेहरे शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री बना दिया था तो वह भी करीब 18 साल रह गए और उनके बाद आए मोहन यादव को और भी कम लोग जानते थे, मगर वे भी चल गए। ऐसे ही राजस्थान में भजनलाल शर्मा या महाराष्ट्र में जब 2014 में देवेन्द्र फड़नवीस को लाया गया था तो उनकी भी कोई खास पहचान नहीं थी। तो सामने कोई कमजोर भी हो तब भी आप को उसका मुकाबला करने, हटाने के लिए काम तो करना होगा। अब वह समय नहीं है कि जनता सिर्फ किसी से नाराज होने की वजह से दूसरे को चुन ले।

मोदी कुछ नहीं दे रहे। नौकरी, रोजगार, महंगाई कम करना कुछ नहीं। केवल अपनी बातों के सहारे तीसरी बार केन्द्र में सत्ता में आ गए। क्यों? क्योंकि दूसरी तरफ उन्हें विपक्ष में जीत की ललक, भूख, तड़प दिखाई नहीं देती। जैसे घुड़दौड़ में दांव उसी घोड़े पर लगाया जाता है जो स्टार्टिंग लाइन पर थका सा खड़ा नहीं होता, दौड़ने के लिए बेताब होता है।

समाजवादी पार्टी अभी मिल्कीपुर उप चुनाव हार गई। सबको मालूम था कि सरकार और प्रशासन इस चुनाव को हर हाल में जीतने के लिए कमर कस चुके हैं। मगर नतीजे आने के बाद तक अखिलेश यादव ने अपने तेवर ढीले नहीं छोड़े। लड़ते रहे।

ऐसे ही ममता बनर्जी बंगाल में लगातार लड़ीं। बिहार में तेजस्वी लड़ रहे हैं। ऐसे मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड में कांग्रेस कहीं लड़ते हुए दिखती है?

यही वह पाइंट है जहां से कांग्रेस को आगे सोचना होगा। कांग्रेस को इसलिए कि वह राष्ट्रव्यापी दल है। सबसे बड़ा विपक्षी दल। बाकी विपक्षी दल उससे लड़ लिए, साथ भी आए, मोदी की तरफ भी झुके मगर कोई भी पूरे देश में अपनी वह स्थिति नहीं बना सका जो कांग्रेस की है। कमजोर से कमजोर होने के बावजूद वह हर गांव-मोहल्ले में है। इसलिए मोदी के खिलाफ अगर कोई लड़ सकता है तो वह कांग्रेस ही है। बाकी कोई भी विपक्षी दल इस स्थिति में नहीं है। और न ही वे सब मिलकर माइनस कांग्रेस यह कर सकते हैं।

दिल्ली में यह प्रयोग किया था। समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने की कांग्रेस के विरोध में आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का। मगर मोदी नहीं रुके। अब शायद यह दोनों आम आदमी पार्टी का साथ देना छोड़ दें! मगर सिर्फ उससे मोदी कमजोर नहीं होंगे। उसके लिए जरूरी है कि अपने राज्यों के बाहर जहां कांग्रेस भाजपा से सीधे मुकाबले में है वहां कांग्रेस का समर्थन करना। लेकिन उसके लिए कांग्रेस को खुद को मजबूत करना जरूरी है। छोटे-छोटे कारणों से खुश होने से बचने की जरूरत है। 70 और 80 के दशक में भारत की क्रिकेट टीम केवल टेस्ट बचा कर खुश हो जाती थी। हम लोग उस समय ड्रा को जीत मानने लगे थे। बैट्समेन हाफ सेंचुरी से ड्यूटी पूरी मान लेता था और बालर तीन विकेट से टीम में जगह पक्की। उस सोच से कांग्रेस को निकलना होगा। लोकसभा में 240 पर मोदी को रोक दिया अब उससे आगे सोचना होगा। दिल्ली चुनाव का यही सबक है। आम आदमी पार्टी को बीच से हटा दिया ठीक है। मगर अब इतनी मेहनत करने की जरूरत है कि दिल्ली वालों को लगे कि यहां मुख्य विपक्षी दल आम आदमी पार्टी नहीं कांग्रेस है। नेतृत्व पैदा करना पड़ेगा।

खबरों के हिसाब से सही है कि 12 या 15 सीटों पर आम आदमी पार्टी कांग्रेस की वजह से हारी। लेकिन पार्टी को देखना यह चाहिए कि सत्तर में केवल तीन उम्मीदवार अपनी जमानत बचा पाए। उम्मीदवार ही नहीं थे। जिस राज्य में लगातार 15 साल सरकार रही हो वहां नेता नहीं संगठन नहीं। कांग्रेस की समस्याएं बहुत उलझी हुई हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा और महाराष्ट्र की हार के बाद दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में पार्टी की सारी कमजोरियों पर बात की। फिर बेलगावी कर्नाटक की वर्किंग कमेटी में भी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उसके बाद लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए खुले दिल से स्वीकार किया कि रोजगार की समस्या पर उनकी यूपीए सरकार ने भी उतना काम नहीं किया जितना करना चाहिए था। फिर दिल्ली चुनाव के समय दलित सम्मेलन में कहा कि पार्टी दलितों और पिछड़ों के लिए उतना नहीं किया जितना उसे करना चाहिए था।

तो समस्याएं सब पहचान रहे हैं। मगर उन्हें दूर कौन करेगा कैसे करेगा यह सबसे महत्वपूर्ण है। बुरा बनना पड़ेगा। मठाधीशों को किनारे करना पड़ेगा। नए लोगों को सामने लाना होगा और उसमें यह कटाक्ष सुनना होंगे कि यह कौन हैं? कहां से ले आए?

सबसे बड़ी बात है संगठन का काम सर्वोच्च प्राथमिकता का समझ कर दिलचस्पी से करना होगा। सिलसिला शुरू हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने कुछ मीटिंगें की हैं। इनमें संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल भी शामिल थे। इसे जल्दी पूरा करना होगा।

कांग्रेस ने अपनी बेलगावी वर्किंग कमेटी में कहा है कि यह साल 2025 संगठन का साल होगा। करना चाहिए। एक बार में पूरे संगठन की घोषणा। लोगों को याद भी नहीं होगा कि आखिरी बार कब कांग्रेस का पूरा संगठन बना था। 2004 मेंसोनिया गांधी ने बनाया था। उसके बाद से छोटे-मोटे परिवर्तन होते रहे। कांग्रेस की भाषा में एडजस्टमेंट। लेकिन तमाम राज्यों में जिला ब्लाक लेवल पर कुछ भी नहीं है।

कांग्रेसी भूल गए कि कभी जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कितना प्रभावशाली हुआ करते था। इन्दिरा गांधी के यहां सांसद, विधायक को अपाइंटमेंट मिले या न मिले जिला और ब्लाक अध्यक्षों के लिए कभी मना नहीं होता था। सोनिया गांधी ने एक बार दिल्ली में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों का सम्मेलन करवाया था। वे कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन भी करवाती थीं। अब कम सही मगर फिर भी मुख्यमंत्री तो हैं। इनको एक साथ बिठाकर बात करना चाहिए कि क्या कर रहे हो जो कुछ नया हो जिसे हम देश भर में बता सकें। भाजपा शासित राज्यों से अलग क्या किया? कांग्रेस को मोदी से मुकाबला करने के लिए बहुत सारे मोर्चों पर काम करने की जरूरत है। केजरीवाल हार गए, मोदी 240 पर रुक गए से आगे सोचने की।

**शकील अख्तर (लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# डंकी रूटः स्वर्गिक आनंद के लिए नारकीय मार्ग



बलदेव राज भारतीय

हाल में अमेरिका से 104 आप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियां और बेड़ियां लगा कर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या अपनी वीजा अवधि समाप्त होने के वे पश्चात वहीं रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए।

अवैध रूप से अमेरिका जाने का जो तरीका सबसे अधिक चर्चा में है, उसे 'डंकी रूट' कहा जाता है। इस रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश करने वालों को जोखिमों का सामना करना पड़ता है-जान का खतरा, लूट-खसोट, यौन शोषण, गिरोहों द्वारा बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं आम हैं। सच्चाई यह है कि यह स्वर्गिक आनंद उठाने का नारकीय मार्ग है। जो व्यक्ति डंकी रूट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेज, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा। अमेरिका तक पहुंचने के लिए कई देशों से होते हुए बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आम तौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है। मैक्सिको से अमेरिका की सीमा पार करना सबसे खतरनाक पड़ाव होता है। यहां कई बार लोगों को मानव तस्कर गिरोहों के हाथों लूट लिया जाता है, महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं आम हैं, और कई बार लोगों को बंदी बना कर फिरौती मांगी जाती है। यह यात्रा इतनी कठिन होती है कि कई लोग इसे पूरा करने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर रेगिस्तान और जंगलों में हर साल सैकड़ों शव पाए जाते हैं, जो इस खतरनाक सफर की भयावहता दशार्ते हैं।

अगर कोई खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो भी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीड़न का झूठा दावा करते हैं-कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या भारत में उन्हें धार्मिक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। कुछ तो यहां तक कह देते हैं कि उनके अपने माता-पिता ही उनके दुश्मन हैं ताकि वे अमेरिका में अपने ठहरने के लिए कोई ठोस आधार बना सकें। हालांकि, अमेरिका की नई आव्रजन नीति अब ऐसे झूठे दावों को परखने के लिए और अधिक सख्त हो चुकी है। किसी का दावा गलत पाया जाता है, तो उसे न सिर्फ डिपोर्ट कर दिया जाता हैङ्क बल्कि आजीवन अमेरिका में प्रवेश की अनुमति भी नहीं मिलती।

भारत में, खासकर पंजाब, गुजरात और हरियाणा में, हजारों एजेंट सक्रिय हैं, जो लोगों को अमेरिका, कनाडा और यूरोप भेजने का झांसा देते हैं। ये एजेंट लोगों से 30-50 लाख रुपये तक वसूलते हैं, और उन्हें यकीन दिलाते हैं कि वे किसी न किसी तरह अमेरिका पहुंच ही जाएंगे। लेकिन वे किसी की सुरक्षा या कानूनी स्थिति की गारंटी नहीं देते। जब लोग किसी मुसीबत में फंसते हैं, तो एजेंट उनसे कोई संपर्क नहीं रखते और कई बार फरार हो जाते हैं। जो लोग डंकी रूट से अमेरिका जाने की कोशिश करते हैं, वे अपनी ही नहीं, बल्कि अपने परिवार की जिंदगी भी दांव पर लगा देते हैं। जब डिपोर्ट हो जाते हैं, तो उनका परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। घर-जमीन तक बिक जाते हैं, कर्ज का बोझ बढ़ जाता है, और समाज में बदनामी का डर अलग से रहता है। डंकी रूट पर गए कई लोग रास्ते में लापता भी हो जाते हैं, या मारे जाते हैं। उनके परिवार वर्षों तक नहीं जान पाते कि उनके बेटे या भाइयों का क्या हुआ।

अवैध आप्रवासन की समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि लोगों को इसके खतरों के बारे में जागरूक किया जाए। सरकार को भी चाहिए कि ऐसे एजेंटों पर कड़ी कार्रवाई करे और युवाओं के लिए देश में ही रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करे। युवाओं को भी समझना होगा कि विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं है। अगर वे कानूनी तरीके से विदेश जाना चाहते हैं, तो उन्हें सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। अवैध आप्रवासन को उचित नहीं ठहराया जा सकता। अवैध आप्रवासन का अंत दुखद ही होता है। यह सपना भले ही सुनहरा दिखे, लेकिन इसकी असलियत बेहद भयावह होती है। भारत के युवाओं को सोचना होगा कि क्या वे वाकई अपनी जिंदगी को इस तरह के जोखिम में डालना चाहते हैं? या फिर वे कानूनी और सुरक्षित रास्तों को अपना कर अपने भविष्य को बेहतर बनाना चाहेंगे? फैसला उनके हाथ में है।



# नवादा में नीतीश कुमार ने की समीक्षा बैठक

## 'बीच में गलती से दो बार उधर चले गए', नवादा समीक्षा बैठक में नीतीश कुमार ने सुनाई विकास की कहानी

दबंग हिंद संवाददाता

**नवादा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के चौथे चरण में नवादा जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक की। इसमें नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने जिले के विकास कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया। जिलाधिकारी ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल एवं उनका अनुरक्षण, हर घर तक पक्की गली नाली, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर का निर्माण, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत कनेक्शन योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, स्थ्य उपकेंद्र में टेलीमेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, पशु चिकित्सा सेवाओं की स्वास्थ्य डोर स्टेप डिलीवरी एवं पंचायत सरकार भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

इसके अलावा हर पंचायत में 10+2 विद्यालय, ग्राम पंचायत/नगर पंचायत में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स क्लब का गठन, प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन, राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, दाखिल खारिज/परिमार्जन/परिमार्जन प्लस एवं जल-जीवन-हरियाली के तहत जीर्णोद्धार कराए गए सार्वजनिक कुओं, पोखर और तालाबों की अद्यतन स्थिति के संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कई जगहों पर जाकर विकास कार्यों को देखा है। हम अधिकारियों से कहेंगे कि यहां जो भी



जरूरतें हैं, उसे ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रगति यात्रा के दौरान जिन जिलों का दौरा किया गया है और इस दौरान जो घोषणाएं की गई हैं, उन सबको कैबिनेट से पास कराया जा रहा है। उत्तर बिहार के जिलों में प्रगति यात्रा के क्रम में 20 हजार करोड़ रुपये की कुल 188 योजनाओं की घोषणाएं कीं, जिनमें मंत्रिपरिषद् द्वारा कल 121 योजनाओं की स्वीकृति दी गई। विभाग के स्तर पर 67 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। हमारा उद्देश्य है कि हर प्रकार से बिहार की तरक्की हो। वर्ष 2005 के बाद हमलोगों ने बिहार में विकास का जो काम किया है, उसे याद रखियेगा। हम प्रारंभ से ही पूरे बिहार का दौरा समय-समय पर करते रहे हैं। प्रगति यात्रा का कार्यक्रम जब बनाया गया तो अधिकारियों ने सभी जिलों की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। हमने उस पर काम करने के लिए कहा, उन सब चीजों पर काम किया जा रहा है। हर क्षेत्र में विकास के कार्य कराए गए हैं, आप लोग सब इसे याद रखिएगा।

**'बीच में गलती से दो बार उधर चले गए' :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर 2005 से हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम करना शुरू किया, तब से निरंतर हमलोग बिहार को आगे बढ़ाने में लगे हैं। भाजपा के साथ मिलकर शुरू से काम कर रहे हैं बीच में गलती से दो बार उधर चले गए थे। अब हमेशा भाजपा के साथ ही रहेंगे और मिलकर बिहार और देश का विकास करेंगे। हम श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में केंद्र में मंत्री थे। हमें स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने ही बिहार का मुख्यमंत्री बनाया। वर्ष 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी, आप सभी इससे अवगत हैं। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे।

# प्रो. इंद्रदेव नारायण सिन्हा के निधन पर बिहार दर्शन परिषद ने जताया गहरा शोक

दबंग हिंद संवाददाता

**मधेपुरा।** सुप्रसिद्ध दार्शनिक और शिक्षाविद् प्रो. (डॉ.) इंद्रदेव नारायण सिन्हा (86 वर्ष) के निधन पर बिहार दर्शन परिषद, बिहार के पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन से न केवल बिहार, बल्कि पूरे भारत में दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति हुई है। प्रो. सिन्हा ने जीवनभर दर्शनशास्त्र के अध्ययन, शोध और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए, जिससे भारतीय और पाश्चात्य दर्शन में उनकी पहचान बनी।

**प्रो. सिन्हा के जीवन और योगदान का महत्व :** प्रो. सिन्हा, जो पटना विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष (सेवानिवृत्त) और दर्शन परिषद, बिहार की शोध पत्रिका 'दार्शनिक अनुगूंज' के प्रधान संपादक रहे थे, ने दर्शनशास्त्र को नई दिशा देने में



अभूतपूर्व भूमिका निभाई। उनकी नेतृत्व क्षमता और अकादमिक योगदान ने बिहार में दर्शनशास्त्र के विकास को और भी प्रगति की ओर बढ़ाया।

**दर्शन परिषद, बिहार की ओर से श्रद्धांजलि :** दर्शन परिषद, बिहार के महासचिव और पटना विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. श्यामल किशोर ने बताया कि प्रो. सिन्हा के नेतृत्व में बिहार दर्शन परिषद ने न केवल राज्य स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में नई दिशा अपनाई। उनकी सक्रियता और कड़ी मेहनत के कारण उन्हें 'सोहन राज लक्ष्मी देवी तातेड़ लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' जैसे सम्मान से नवाजा गया था।

**दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में एक महान विद्वान का निधन :** प्रो. पूनम सिंह, जो पटना विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की पूर्व अध्यक्ष हैं, ने कहा कि प्रो. सिन्हा का निधन दर्शनशास्त्र के एक महान विद्वान और मार्गदर्शक का निधन है। वे हमेशा दर्शनशास्त्र के अध्ययन और विकास के प्रति प्रतिबद्ध रहे। उनकी विद्वता और उनके विचार आज भी हमारे मार्गदर्शक बने रहेंगे।

आईसीपीआर के पूर्व अध्यक्ष और पटना विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रमेशचन्द्र सिन्हा ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रो. सिन्हा पाश्चात्य दर्शन के गहरे ज्ञाता थे और उनकी विद्वता का प्रभाव राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महसूस किया गया। उनका निधन दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में जो रिक्तता उत्पन्न हुई है, उसे भर पाना कठिन है।

**श्रद्धांजलि देने वाले प्रमुख व्यक्ति :** इस अवसर पर अखिल भारतीय दर्शन परिषद के अध्यक्ष प्रो. जटाशंकर, महासचिव प्रो. जे. एस. दुबे, आईसीपीआर के सदस्य-सचिव प्रो. सच्चिदानंद मिश्र, बिहार दर्शन परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. शैलेश कुमार सिंह, प्रो. अभय कुमार, संयुक्त सचिव प्रो. किस्मत कुमार सिंह, प्रो. पूर्णेन्दु शेखर, प्रो. अवधेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रो. वीणा कुमारी, और संपादक द्वय डॉ. नागेन्द्र मिश्र और डॉ. विजय कुमार ने भी शोक व्यक्त किया और प्रो. सिन्हा के योगदान को याद किया।

# सीएम नीतीश के शहर में चेतना शिविर का आयोजन




दबंग हिंद संवाददाता

**नालंदा।** राजगीर के इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कुर्मी समागम और चेतना शिविर का आयोजन हुआ। देश-विदेश से सैकड़ों लोग इसमें शामिल हुए। समाज के गौरवशाली इतिहास और शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से मजबूत होने की बात कही गई। उपजातियों में भेदभाव मिटाने पर भी जोर दिया गया। इस समागम में कुर्मी समाज के लोग बड़ी संख्या में जुटे। शिविर के पहले दो सत्रों में समाज के इतिहास और पिछड़ेपन के कारणों पर चर्चा हुई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कुर्मी समाज से आते और उनका गृह जिला नालंदा है। राजगीर अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय कुर्मी समागम सह चेतना शिविर का आगाज हुआ। इसमें देश-विदेश के हजारों दिग्गजों का महाजुटान हुआ। लोगों ने कहा कि हमारे समाज का इतिहास काफी गौरवमयी रहा है। इस समाज में कई अवतारी महापुरुष हुए हैं। गौरवशाली अतीत से सबक लेकर समाज को फिर से जागृत करने की जरूरत है। स्पष्ट रूप से दिग्गजों ने कहा कि फिर से हमें अपनी शैक्षणिक, सामाजिक और राजनैतिक ताकत बढ़ानी होगी।

# यूआर कॉलेज एनएसएस शिविर की विस्तृत तैयारी, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

## 16 से 22 फरवरी तक होगा सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर

दबंग हिंद संवाददाता

**रोसड़ा।** यूआर कॉलेज, रोसड़ा के स्टाफ काउंसिल कमेटी की आपातकालीन बैठक सोमवार को प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय की अध्यक्षता में उनके कक्ष में हुई। बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में महान दार्शनिक उदयनाचार्य के गांव करियन में 16/02/2025 से 22/02/2025 तक प्रस्तावित विशेष शिविर के सफल आयोजन पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य डॉ राय ने बताया कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने 16 फरवरी को उद्घाटन सत्र में शामिल होने के लिए मौखिक सहमति दे दी है। ज्ञात हो कि उद्घाटन सत्र 16 फरवरी को करियन में सुबह 11.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ परमानंद मिश्र एवं डॉ गौरीशंकर प्रसाद सिंह उपस्थित थे। प्रधानाचार्य ने प्रोफेसर परमानंद मिश्र को उद्घाटन सत्र में बीज भाषण देने के लिए आमंत्रित किया। बैठक में प्रधानाचार्य ने बताया कि यूआर कॉलेज के स्थापना समारोह, भूमि दाताओं एवं उदयनाचार्य की प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति के लिए विश्वविद्यालय से सवीकृति मांगी गई है। प्रवीण कुमार प्रभंजन, सहायक प्राध्यापक, मैथिली विभाग सह पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य, यूआर कॉलेज, रोसड़ा को हाल ही में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के मानविकी संकाय के अंतर्गत मैथिली विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर डॉ प्रवीण कुमार प्रभंजन को उदयनाचार्य रोसड़ा कॉलेज, रोसड़ा के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय, बर्सर डॉ. विनय कुमार, डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. निविध चंद्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जाकिर हुसैन, एनएसएस पदाधिकारी डॉ. श्याम सुंदर शर्मा, डॉ. सतीश कुमार, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. रंजन कुमार, डॉ. ऐमन आबेद, डॉ. अरुण कुमार राय, डॉ. अमरेश कुमार सिंह, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. सौरभ कुमार झा, डॉ. प्रिंस विवेक सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों, सेवानिवृत्त शिक्षाविद् प्रोफेसर शिव शंकर प्रसाद सिंह, डॉ. परमानंद मिश्र, डॉ. गौरी शंकर प्रसाद सिंह, डॉ. शमीम अहमद, साहित्यकार रामाकांत राय 'रामा', आचार्य परमानंद प्रभाकर, डॉ. गगनदेव चौधरी गगन, डॉ. भास्कर ज्योति, उपकुलसचिव, रोसड़ा आदि ने खुशी जाहिर की है।

# वेतन संरचना की मांग को लेकर फैक्टनेब का धरना प्रदर्शन

दबंग हिंद संवाददाता

**पटना।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) ने परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि के बदले प्रतिमाह वेतन भुगतान, बकाया अनुदान राशि का एकमुश्त भुगतान और अन्य 4 सूत्री मांगों को लेकर आज से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह आंदोलन 14 फरवरी तक चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा। वेतन संरचना की मांग को लेकर फैक्टनेब का आंदोलन जारी फैक्टनेब के आह्वान पर आज पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के सैकड़ों शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व फैक्टनेब के अध्यक्ष डॉ. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. रामनरेश प्रसाद, महासचिव डॉ. रविकांत सिंह, मुंगेर विश्वविद्यालय



अध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र कुमार सिंह और प्रो. गणेश कुमार ने किया। संचालन की जिम्मेदारी डॉ. रविकांत सिंह ने संभाली। वेतन भुगतान और बकाया राशि की मांग को लेकर फैक्टनेब का रुख कड़ा फैक्टनेब के मीडिया प्रभारी प्रो. अरुण गौतम ने बताया कि यह धरना प्रदर्शन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। 12 फरवरी को बीएन मंडल विश्वविद्यालय और पूर्णिया विश्वविद्यालय, 13 फरवरी को बिहार विश्वविद्यालय और जयप्रकाश विश्वविद्यालय, और 14 फरवरी को मगध विश्वविद्यालय और तिलका मांझी विश्वविद्यालय के शिक्षाकर्मी धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना सभा में कई प्रमुख शिक्षाविदों ने किया संबोधन धरने के दौरान महासंघ के अध्यक्ष डॉ. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो. राजीव रंजन, डॉ. कुमार राकेश कानन, मीडिया प्रभारी प्रो. अरुण गौतम, डॉ. रामनरेश प्रसाद, डॉ. रविकांत सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. कौशलेंद्र कुमार, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार, प्रो. सत्येन्द्र कुमार, डॉ. ब्रह्मा नन्द प्रसाद, डॉ. सुमन्त कुमार सिन्हा, डॉ. महेश, डॉ. शारदा सिन्हा और डॉ. दिलीप कुमार ने सभा को संबोधित किया और शिक्षाकर्मियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया।

# बिहार का लड़का हो और राजनीति... 'परीक्षा पे चर्चा' पर पीएम मोदी ने बताया 'हम' का मतलब

दबंग हिंद संवाददाता

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा 2025' कार्यक्रम में छात्रों से नेतृत्व और राजनीति पर बातचीत की। बिहार के एक छात्र विराज ने उनसे नेतृत्व पर सवाल पूछा। इस पर पीएम मोदी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि बिहार का छात्र हो और राजनीति की बात न हो, ऐसा हो नहीं सकता। इस दौरान उन्होंने नेतृत्व का मतलब और टीम वर्क का महत्व भी समझाया।

दरअसल, पीएम मोदी 'परीक्षा पे चर्चा 2025' में छात्रों के सवालों का जवाब दे रहे थे। तभी बिहार के विराज नाम के एक छात्र ने उनसे नेतृत्व पर सवाल किया। विराज ने पूछा कि आप इतने बड़े ग्लोबल लीडर हैं, कुछ ऐसी बातें शेयर कीजिए जो लीडरशिप से संबंधित हो और जिससे हम बच्चों को आगे बढ़ने में मदद मिले। इस पर पीएम मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि बिहार का लड़का हो और राजनीति का सवाल न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। बिहार के लोग बड़े तेजस्वी होते हैं।

**पीएम मोदी ने विस्तार से बताया**

विराज के सवाल पर पीएम मोदी ने



नेतृत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व का मतलब सिर्फ अच्छे कपड़े पहनना या भाषण देना नहीं होता। बल्कि खुद को एक उदाहरण बनाना होता है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति नेता बन सकता है। महत्वपूर्ण है खुद को एक आदर्श बनाना। पीएम मोदी ने एक कक्षा मॉनिटर का उदाहरण देते हुए समझाया। उन्होंने कहा कि अगर मॉनिटर खुद समय पर नहीं आता और दूसरों को समय पर आने को कहता है, तो कोई उसकी बात नहीं सुनेगा। उन्होंने आगे कहा कि एक अच्छा नेता दूसरों की मदद करता है, उनकी परेशानियों को समझता है और उनका ख्याल रखता है। उन्होंने कहा कि अगर मॉनिटर समय पर होमवर्क कर लेता है और दूसरे बच्चों की इसमें मदद करता है, उनकी परेशानियां समझता है, बीमारी में उनका हालचाल लेता है तो बच्चों को भी लगेगा कि ये तो मेरी केयर करता है। ये हमको डांटता नहीं है। इससे पता चलता है कि सम्मान मांगा नहीं जाता। आपके व्यवहार को वह स्वीकार करते हैं।

**'हम' के मंत्र पर पीएम मोदी ने दिया जोर :** इस दौरान पीएम मोदी ने टीम वर्क और धैर्य के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक अच्छे नेता को धैर्यवान होना चाहिए और टीम वर्क की भावना समझनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धैर्य बहुत आवश्यक होता है। कभी-कभी यह होता है कि एक को काम दिया और उसने किया नहीं, तो फिर हम उस पर टूट पड़ते हैं। ऐसे में लीडर नहीं बन सकते हैं। उसका कारण जानना चाहिए। पीएम मोदी ने 'हम' के मंत्र पर भी जोर दिया।

# व्हाट्सएप पर तीन बार लिखा कबूल है... और हो गया 'निकाह'



दबंग हिंद संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मोबाइल मैसेज पर तीन तलाक के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन व्हाट्सएप पर 'निकाह कबूल' करने का मामला शायद ही पहले सुना गया हो। मुजफ्फरपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही अनोखा मामला सामने आया है, जहां 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले नाबालिग छात्र-छात्रा ने व्हाट्सएप चैट के दौरान एक-दूसरे को तीन बार 'कबूल है' लिखकर खुद को शादीशुदा मान लिया। अब दोनों साथ रहने की जिद पर अड़े हुए हैं, जिससे मामला पुलिस तक पहुंच गया है। नाबालिग छात्र ने थाने में करीब दो घंटे तक जमकर हंगामा किया। वह अपनी प्रेमिका से शादी करने की जिद पर अड़ा रहा। छात्र शहर के पंकज मार्केट का निवासी है, जबकि प्रेमिका बोचहां थाना क्षेत्र से ताल्लुक रखती है। दोनों फिलहाल 12वीं कक्षा में पढ़ रहे हैं। छात्र का कहना है कि पिछले दो वर्षों से उनका प्रेम संबंध चल रहा था। उसने दावा किया कि प्रेमिका ने व्हाट्सएप पर तीन बार 'कबूल है' लिखकर उसे अपना पति स्वीकार कर लिया है। जब यह बात दोनों के परिवारवालों तक पहुंची, तो उन्होंने कड़ा विरोध जताया और दोनों के मोबाइल जब्त कर लिए। साथ ही, मिलने-जुलने पर भी सख्त पाबंदी लगा दी गई। इन दिनों दोनों की इंटरमीडिएट की परीक्षा चल रही है। इस दौरान छात्रा के परिजन उसे परीक्षा केंद्र तक छोड़ने और लाने का काम कर रहे थे, जिससे दोनों एक-दूसरे से मिल नहीं पा रहे थे। इससे छात्र बेचैन हो गया और अजीब हरकतें करने लगा। परेशान होकर छात्र की बहन ने नगर थाना पहुंचकर मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने छात्र को थाने बुलाकर उसके मोबाइल की जांच की, जिसमें लड़की के साथ उसकी कई तस्वीरें और व्हाट्सएप चैट्स बरामद हुईं।

## एक नजर

### इन्टरमीडिएट परीक्षा की कदाचारमुक्त माहौल में 37 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

अररिया। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इन्टरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा के सातवें दिन अररिया जिले के 37 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में 5423 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 73 अनुपस्थित थे। द्वितीय पाली में 4444 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, और 70 अनुपस्थित थे। परीक्षा के दौरान सभी केंद्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी, पुलिस एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे, जिससे परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई। परीक्षा 1 फरवरी से 15 फरवरी तक चलेगी, जिसमें पहली पाली का समय 09:30 से 12:45 बजे और दूसरी पाली का समय 02:00 से 05:15 बजे तक है।

### बिहार में गेस्ट टीचर्स का मानदेय 1000 से बढ़कर 1500 रुपये हुआ



दबंग हिंद संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने सरकारी फामेर्सी कॉलेजों के गेस्ट टीचर्स का मानदेय बढ़ा दिया है। पहले उन्हें प्रति क्लास एक हजार रुपये मिलते थे, अब डेढ़ हजार रुपये मिलेंगे। महीने का अधिकतम मानदेय 35 हजार से बढ़कर 50 हजार रुपये हो गया है। यह फैसला 'अवसर बढ़े, आगे बढ़े' योजना के तहत तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को रोजगार देने के लिए लिया गया है।

दरअसल, बिहार सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर खास ध्यान दे रही है। इसके लिए 'अवसर बढ़े, आगे बढ़े' नाम की एक योजना चल रही है। इस योजना के तहत तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का मानना है कि तकनीकी शिक्षा से युवाओं को अच्छे रोजगार मिलेंगे। इसी कड़ी में सरकारी फामेर्सी कॉलेजों के गेस्ट टीचर्स का मानदेय बढ़ाया गया है।

राज्य में पांच नए फामेर्सी कॉलेज खोले गए हैं। ये कॉलेज सिवान, सासाराम, बांका, नालंदा और समस्तीपुर में हैं। इन सभी कॉलेजों में पढ़ाई शुरू हो चुकी है। लेकिन अभी तक इन कॉलेजों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई है। इसलिए फिलहाल गेस्ट टीचर्स के भरोसे पढ़ाई चल रही है।

नियमित नियुक्तियों के लिए सरकार नियमावली बना रही है। लेकिन जब तक नियमित शिक्षक नहीं आ जाते, तब तक छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो, इसलिए गेस्ट टीचर्स की मदद ली जा रही है। ताकि छात्रों का भविष्य खराब न हो और उनकी पढ़ाई नियमित चलती रहे। यही कारण है कि बिहार सरकार ने गेस्ट टीचर्स का मानदेय बढ़ा दिया है।

स्वास्थ्य विभाग ने मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। स्वास्थ्य विभाग ने इस बारे में आदेश भी जारी कर दिया है। यह फैसला गेस्ट टीचर्स के हित में लिया गया है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और वे बेहतर तरीके से पढ़ा सकेंगे। इससे छात्रों को भी फायदा होगा।

### रेल मंत्री ने मुजफ्फरपुर से पटना के बीच पहली नमो भारत ट्रेन की घोषणा की



दबंग हिंद संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** पटना से मुजफ्फरपुर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने बड़ी खुशखबरी दी है। हाल ही में पेश हुए बजट 2025-26 में बिहार को चार नमो भारत ट्रेनों की सौगात दी गई थी। अब रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुद पहली ट्रेन को लेकर अहम घोषणा की है। रविवार को बिहार दौरे के दौरान मुजफ्फरपुर में रेल मंत्री ने ऐलान किया कि पहली 'नमो भारत' ट्रेन पटना से मुजफ्फरपुर के बीच चलेगी। यह ट्रेन मुख्य रूप से कम दूरी वाले स्टेशनों को जोड़ने के लिए तैयार की गई है। इस घोषणा से पटना और मुजफ्फरपुर के यात्रियों में उत्साह है, क्योंकि अब उनका सफर और अधिक सुविधाजनक और तेज होगा। बजट में बिहार को कुल चार 'नमो भारत' ट्रेनों की स्वीकृति मिली थी, जिनमें से पहली ट्रेन पटना से मुजफ्फरपुर के बीच चलेगी। यह ट्रेन यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक बेहतर यात्रा अनुभव देगी। इसके अलावा, यह आम पैसेंजर ट्रेनों की तुलना में तेज होगी, जिससे लोगों का समय भी बचेगा। पटना-मुजफ्फरपुर के बीच चलने वाली 'नमो भारत' ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित होगी, जिससे यात्रियों को हर मौसम में आरामदायक सफर मिलेगा। इसमें कुल 16 कोच होंगे, जिनमें 6 एसी और 10 जनरल कोच शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रेन में मॉडर्न सुविधाएं, व्हीलचेयर और स्ट्रेचर के लिए विशेष जगह और यात्रियों की सहायता के लिए एक अटेंडेंट की व्यवस्था होगी। स्टेशनों पर मुफ्त पेयजल, स्वच्छ शौचालय और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

नमो भारत ट्रेन की गति इसे अन्य ट्रेनों से अलग बनाती है। जहां मेट्रो ट्रेन की औसत गति 30 किमी/घंटा होती है, वहीं नमो भारत ट्रेन की औसत गति 80 किमी/घंटा होगी, जबकि अधिकतम गति 160 किमी/घंटा तक जा सकती है। सीमित स्टॉपेज के कारण यह ट्रेन इंटरसिटी सफर के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।

### अपनी पैरवी करने एसपी ऑफिस पहुंचा था विजिलेंस का दारोगा, हथकड़ी लगा आया बाहर




दबंग हिंद संवाददाता

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में एक दारोगा को पैरवी करने के लिए पुलिस अधीक्षक के कार्यालय जाना भारी पड़ गया। दारोगा स्वयं एक मामले में आरोपी था और उसी की पैरवी करने वो पुलिस अधीक्षक कार्यालय गया था, जहां तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दारोगा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में पोस्टेड है। दरअसल, ये पूरा मामला दो साल पुराना है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में पदस्थापित दारोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा थाने के एक मामले में आरोपी है। इस मामले को लेकर अदालत ने परमानेंट वारंट का आदेश जारी किया था। मोतिहारी पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दारोगा राम बहादुर सोमवार को कुछ अन्य लोगों के साथ अपनी पैरवी करने पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के कार्यालय पहुंचा। इस मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक को भी थी। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल थाना पुलिस बुलाई और दारोगा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दारोगा पिपरा थाना क्षेत्र के बैरिया का रहने वाला है। पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया, 'अदालत द्वारा सब इंस्पेक्टर राम बहादुर कुशवाहा, जो अभी निगरानी विभाग में कार्यरत हैं, उनके खिलाफ परमानेंट वारंट जारी किया गया था। इसकी सूचना पुलिस को भी मिली थी। इसी आदेश के अनुपालन में सब इंस्पेक्टर राम बहादुर कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया है और अदालत में अग्रसारित किया गया है।' उन्होंने बताया कि ये मामला करीब दो वर्ष पुराना है, जिसमें रंगदारी और मारपीट का आरोप लगाया गया था।



## कावेरी कपूर में हर दृश्य को जीवंत बनाने की अद्भुत क्षमता है

कावेरी कपूर अपनी बड़ी स्क्रीन पर वर्धन पुरी के साथ निर्देशक कुणाल कोहली की आगामी फिल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। 11 फरवरी को ऑनलाइन रिलीज होने वाली यह फिल्म पहले से ही काफी ध्यान आकर्षित कर रही है। निर्माताओं ने पहला लुक और अपना पहला गाना जारी कर दिया है, जिसने पहले ही नेटिज़न्स द्वारा खूब सराहना हासिल की है। निर्देशक कुणाल कोहली ने अपनी नायिका की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, उनकी पहली फिल्म, बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी में कावेरी कपूर को निर्देशित करना एक अविश्वसनीय अनुभव था। एक नवोदित कलाकार के रूप में, वह सेट पर एक फ्रेश एनर्जी लेकर आईं, एक प्राकृतिक स्क्रीन उपस्थिति के साथ सच्ची भावनाओं का मिश्रण किया। उन्हें इतनी आसानी और समर्पण के साथ अपने किरदार में बदलते देखना वास्तव में अद्भुत था। उन्होंने यह भी बताया कि कैमरे का सामना करते समय कावेरी पूरी तरह से स्वाभाविक होती हैं। कावेरी एक अद्भुत प्रतिभा है –अपनी अभिव्यक्ति में सहज, अपनी कला के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध और हमेशा सीखने के लिए उत्सुक। एक अभिनेत्री के रूप में उनकी प्रवृत्ति उल्लेखनीय है, और उनमें हर दृश्य को जीवित बनाने की दुर्लभ क्षमता है। फिल्म की यात्रा के दौरान उनकी प्रगति को देखना खुशी की बात थी, और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है, उन्होंने निष्कर्ष निकाला। कावेरी कपूर, जो कि शेकर कपूर और सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी हैं, अब फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए तैयार हैं। लेकिन यह पहली बार नहीं है जब वह कैमरे के सामने आएंगी। कावेरी, जो एक बेहद प्रतिभाशाली गायिका, गीतकार और संगीतकार हैं, पहले ही 4 म्यूजिक वीडियो में काम कर चुकी हैं और अब अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं।



# आर्यन खान की सीरीज को मिली हीरोइन लक्ष्य बनेंगे हीरो!

शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान इंडस्ट्री में बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं। बहन सुहाना की तरह आर्यन भी OTT की दुनिया से डेब्यू कर रहे हैं। बीते दिनों नेटफ्लिक्स के इवेंट में उनकी वेब सीरीज का ऐलान हुआ।


इस मौके पर शाहरुख खान से लेकर गौरी खान और सुहाना भी मौजूद थे। अनाउंसमेंट वीडियो देखने के बाद हर किसी की दिलचस्पी इस सीरीज में बढ़ गई है। अब ताजा खबर ये है कि आर्यन ने सीरीज में किल फेम एक्टर लक्ष्य लालवानी को कास्ट किया है। इसके साथ ही उनके अपोजिट सहर बाम्बा को बतौर लीड एक्ट्रेस चुना गया है।

आर्यन खान की डेब्यू सीरीज की कहानी, कास्ट से लेकर रिलीज डेट और यहां तक कि टाइटल को लेकर भी मेकर्स ने रहस्य बनाए रखा है।

यहां तक कि इवेंट में सीरीज के ऐलान के दौरान भी जो टाइटल बताया गया, वह पूरा नहीं है। खुद शाहरुख ने स्टेज से कहा कि आर्यन ने उन्हें पूरा नाम बताने के लिए मना किया है। The Ba***ds of Bollywood टाइटल में बीच के हिस्से को छुपाया जा रहा है। हालांकि, फिलहाल इसे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड कहा जा रहा है।

### करण देओल की डेब्यू फिल्म में थीं सहर बाम्बा

आर्यन खान की इस सीरीज को मां गौरी खान के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले प्रोड्यूस किया जा रहा है। अब पिंकविला की रिपोर्ट में कहा गया है कि करण जौहर की खतरनाक एक्शन फिल्म किल से करियर की शुरुआत करने वाले लक्ष्य इस सीरीज में लीड रोल प्ले करेंगे।



इसके साथ ही सनी देओले के बेटे करण देओल की फिल्म पल पल दिल के पास की एक्ट्रेस सहर बाम्बा को साइन किया गया है।

### पहले स्टारडम था आर्यन की सीरीज का नाम

आर्यन की इस सीरीज का नाम पहले स्टारडम रखा गया था। लक्ष्य और सहर बाम्बा के साथ ही इस सीरीज एक लंबी–चौड़ी स्टारकास्ट होने वाली है। लेकिन फिलहाल इस पर चुप्पी है।

### सीरीज में कैमियो कर सकते हैं सलमान, रणबीर, बॉबी, रणवीर और करण

पहले ऐसी खबरें भी आई थीं कि आर्यन खान की सीरीज में इंडस्ट्री के कुछ बड़े नाम शामिल होंगे, जिनमें सलमान खान, रणबीर कपूर, बॉबी देओल, रणवीर सिंह और खुद शाहरुख खान शामिल हैं। मशहूर फिल्म निर्माता करण जौहर भी इसमें एक एक एक्टेंडेड कैमियो कर सकते हैं।




## 'लवयापा' ने किया निराश, बनी अद्वैत चंदन की सबसे कम ओपनिंग वाली फिल्म

बॉलीवुड की जगमगाती दुनिया में दो और स्टार किड्स ने आज बड़े पर्दे पर कदम रख दिया। आमिर खान के बेटे जुनैद और बोनी कपूर–श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' सात फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म के प्रचार में आमिर खान ने भी अपना खूब जोर लगाया। स्पेशल स्क्रीनिंग में आमिर के बेटे को अपना समर्थन देने के लिए शाहरुख खान और सलमान खान भी पहुंचे थे। 50 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म की शुक्रवार से असली परीक्षा शुरू हो चुकी है। अब यह दर्शकों के बीच आई है। आइए जानते हैं फिल्म ने ओपनिंग डे पर कितने रुपये की कमाई की

### 'लवयापा' ओपनिंग डे कलेक्शन


जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' ने बॉक्स ऑफिस पर ठंडी शुरुआती की है। फिल्म के पहले दिन के कलेक्शन की बात करें तो सैकनिल्क से प्राप्त शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने अब तक 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

### अद्वैत चंदन की सबसे कम ओपनिंग वाली फिल्म बनी 'लवयापा'

'लवयापा' अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी तीसरी फिल्म है। इससे पहले जुनैद के पिता आमिर खान के साथ वह दो फिल्में बना चुके हैं। उनकी पहली फिल्म 'सीक्रेट सुपरस्टार' सुपरहिट थी, जिसने बॉक्स ऑफिस से 63.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। यह फिल्म महज 15 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी। दूसरी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' थी। इस फिल्म में आमिर खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। 180 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने 61.36 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

## तंडेल की शूटिंग के दौरान नौसेना हमें गिरफ्तार कर ले गई

नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत तंडेल आज बड़े पर्दे पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म से चैतन्य करीब दो साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। हालांकि, यही एकमात्र कारण नहीं है कि यह फिल्म उनके लिए खास है। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि यह सच्चे किरदारों वाली एक सच्ची कहानी है। अब हाल ही में नागा चैतन्य की सह सहकलाकार और अभिनेत्री साई पल्लवी ने अभिनेता से खास बातचीत की। उन्होंने एक मजेदार इंटरव्यू लिया, जिसमें नागा ने कई दिलचस्प बातें साझा कीं। नागा ने साई से कहा कि वह एक हिट फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें पर्दे पर आए दो साल हो चुके हैं। नागा चैतन्य ने फिल्म के लिए पानी पर शूटिंग की चुनौतियों पर सवाल का जवाब दिया। नागा चैतन्य ने याद करते हुए हंसते हुए कहा, पानी पर शूटिंग करना बहुत चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि ज्वार लगातार बदल रहा था। जब हम केरल में शूटिंग कर रहे थे तो नौसेना आई और हमें गिरफ्तार कर लिया। वे श्याम सर को नौसेना कार्यालय ले गए।



सच्ची घटना पर आधारित फिल्म चंदू मोंडेती और राम नरेश नुन्ना द्वारा सह–निर्देशित तंडेल 7 फरवरी को स्क्रीन पर आ चुकी है। माना जा रहा है कि फिल्म की कहानी एक वास्तविक जीवन की घटना से प्रेरित है, जिसमें आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के एक गांव के मछुआरे गलती से पाकिस्तानी जल में चले गए थे।

## ऑडियंस का इंटरेस्ट हुआ कम, इसलिए जल्दी बंद हो जाते हैं टीवी शो

टीवी शो जाने अनजाने हम मिले की प्रोड्यूसर और राइटर सोनल कक्कड़ और गोल्डी बहल ने समाज में छिपी प्रथाओं को उठाने का फैसला किया है। उनका शो आटा–साटा प्रथा पर आधारित है, जो एक तरह की एक्सचेंज मैरिज है। हाल ही में बातचीत में, सोनल ने टीवी शोज के बदलते ट्रेंड्स, ओटीटी के असर और ऑडियंस की बदलती पसंद पर अपने विचार शेयर किए। आटा–साटा प्रथा को शो में दिखाने का फैसला क्यों किया इस बारे में सोनल कहती हैं, आटा–साटा एक ऐसी प्रथा है, जिसमें भाई–बहन की शादी एक ही परिवार में कर दी जाती है। यह कंसेप्ट मुझे इसलिए इंटरेस्टिंग लगा क्योंकि इसमें इमोशंस, फैमिली वैल्यूज और रियलिस्टिक एलीमेंट्स हैं। ओटीटी का टीवी शोज पर क्या असर पड़ा है इस सवाल का जवाब देते हुए, सोनल बताती हैं, आजकल ऑडियंस की पसंद बदल चुकी है। पहले लोग हल्की–फुल्की कहानियाँ पसंद करते थे, लेकिन अब वे गहरी और जटिल कहानियां चाहते हैं। ओटीटी के कंटेंट ने ऑडियंस की पसंद को और बेहतर बना दिया है। अब वे ऐसे शोज देखना चाहते हैं जो उन्हें सोचने पर मजबूर करें और जिनमें कई पहलू हो। यही वजह है कि हमने इस शो को पारिवारिक ड्रामा से ज्यादा गहरी सोच और ट्विस्ट के साथ डिजाइन किया है। यह आज के समय के हिसाब से काफी रिलेटेबल है। वैसे, पिछले कुछ सालों में कई नए टीवी शोज लांच हुए हालांकि वे ज्यादा समय तक टिक नहीं पाते। इस बारे में सोनल कहती हैं, आजकल ऑडियंस का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अगर शुरुआत में शोज ऑडियंस को आकर्षित नहीं कर पाते, तो वे जल्दी ही छोड़ देते हैं। ऑडियंस की उम्मीदें अब बहुत बढ़ गई हैं। वे ऐसे शोज देखना चाहते हैं, जो कुछ नया और दिलचस्प पेश करें। स्क्रिप्ट, किरदार और स्टोरीटेलिंग में नयापन लाना अब बहुत जरूरी हो गया है।





## 'भाग्य लक्ष्मी' में 'मलिष्का' का किरदार निभाएंगी मेघा प्रसाद

जी टीवी के लोकप्रिय टीवी सीरियल 'भाग्य लक्ष्मी' में नई अभिनेत्री मेघा प्रसाद शामिल हुई हैं। शो की मुख्य अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी। मेघा, मायरा मिश्रा की जगह लेंगी। मिश्रा ने इस धारावाहिक में नेगेटिव किरदार निभाया है। शो से संबंधित हर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर करने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में नए सदस्य के स्वागत के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर मेघा प्रसाद की एक तस्वीर शेयर करते हुए ऐश्वर्या खरे ने कैप्शन में लिखा, भाग्य लक्ष्मी की मलिष्का आपका स्वागत है। मैं शो में आपको देखने के लिए उत्सुक हूं।

तस्वीर के साथ ऐश्वर्या ने आमिर खान, रानी मुखर्जी और करीना कपूर स्टारर 'तलाश' फिल्म के गाने 'मुस्कानें झूठी हैं' को भी जोड़ा। भाग्य लक्ष्मी का प्रसारण जी टीवी पर होता है, जिसकी कहानी लक्ष्मी, ऋषि और मलिष्का के ईर्द–गिर्द घूमती है। ऋषि और लक्ष्मी की प्रेम कहानी में मलिष्का नई–नई चालें चलती नजर आती है। इससे पहले शो में लक्ष्मी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में मेकअप खुद करने पर बात की थी। अभिनेत्री ने बताया था कि वह अपना मेकअप खुद करती हैं और ऐसा करने से उन्हें गर्व के साथ खुशी भी मिलती है।

ऐश्वर्या ने बताया था कि उनके लिए मेकअप का मतलब सिर्फ अच्छा दिखना नहीं है बल्कि यह खुद के प्रति सच्चे रहने और संतुष्टि के लिए भी जरूरी है और हाथ में ब्रश और बगल में कॉफी का कप लेकर आईने के सामने बैठना अभिनेत्री के दिन की शुरुआत करने के पसंदीदा तरीकों में से एक है। खरे ने बताया था, यह मुझे खुद को जमीन जुड़ा रखने, आत्मविश्वासी महसूस कराने और अपने आप में रहने का आनंद लेने का मौका देता है। सादगी की अपनी सुंदरता होती है और खुद को लक्ष्मी के रूप में देखना मुझे गर्व से भर देता है।

अभिनेत्री का शो के कलाकारों के साथ खास बॉन्ड है। उन्होंने बताया था कि वह अपनी ऑन–स्क्रीन बेटी त्रिशा सारदा में खुद का एक छोटा संस्करण देखती हैं। ऐश्वर्या ने कहा था, जब से पारो ने हमारे साथ शूटिंग शुरू की है, तब से वह हमारी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा बन गई है। शुरू में मुझे एक बच्चे के साथ शूटिंग करने में संदेह था। लेकिन, वह अपनी उम्र के हिसाब से बहुत प्रतिभाशाली और परिपक्व लड़की है। मुझे लगता है कि हम बहुत समान हैं, हर बार जब मैं उसे देखती हूं, तो मुझे लगता है कि मैं खुद का एक छोटा संस्करण देख रही हूं। ऐश्वर्या ने कहा था, मैं अक्सर उससे कहती हूं– तू बिल्कुल मेरी जैसी है, जब मैं बच्ची थी, तो मैं भी उनकी तरह हर चीज पर सवाल उठाती थी, जब तक कि मुझे स्पष्टता नहीं मिल जाती। वह सेट पर सभी के साथ बहुत अच्छी तरह से रहती है। कैमरे के सामने भी वह बहुत आत्मविश्वासी हैं, उन्हें बस एक बार स्पष्ट ब्रीफ दें और वह जानती हैं कि क्या करना है और कैसे करना है। मुझे लगता है कि मैं उनकी ऑन–स्क्रीन मां बनने के लिए बनी हूं।

## सलमान सर के साथ काम करना सपने को जीने जैसा है

सलमान खान की फिल्म सिकंदर में एक बॉलीवुड एक्ट्रेस की एंट्री हुई है। खुद एक्ट्रेस ने फिल्म में काम करने की खबर को कन्फर्म किया है। यह एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि अंजिनी धवन हैं। 24 साल की अंजिनी ने पिछले साल ही फिल्म बिन्नी एंड फैमिली से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब अंजिनी को इस फिल्म में एंट्री मिल गई है। अंजिनी ने कहा... मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकती हूं। हर बार जब मैं फिल्म के सेट पर जाती हूं तो मुझे खुद को चुटकी काटते हुए पूछना पड़ता है कि क्या यह रियल लाइफ है या मैं सपना देख रही हूं। हर एक दिन एक चुटकी लेने वाला पल होता है। अंजिनी, सलमान की बड़ी फैन हैं और उनके साथ काम करने को लेकर वह बहुत एक्साइटेड हैं। उन्होंने आगे कहा...मैं उनकी सबसे बड़ी फैन बनकर बड़ी हुई हूं। उनके साथ काम करना वाकई सपने को जीने जैसा है।



# चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में 'बहुत खतरनाक' हो सकता है पाकिस्तान: शास्त्री

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान टीम आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 'घरेलू परिस्थितियों में खतरनाक होने के लिए पर्याप्त गहराई' रखती है। पाकिस्तान को घरेलू परिस्थितियों में खेलने का फायदा है क्योंकि देश 1996 में विश्व कप के बाद पहली बार किसी सीनियर आईसीसी इवेंट की सह-मेजबानी करने के लिए तैयार है।

आईसीसी रिव्यू के नए एपिसोड में मेजबान संजना गणेशन के साथ बात करते हुए शास्त्री ने कहा, 'जब आप उपमहाद्वीप में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हैं तो हमेशा दबाव होता है - चाहे वह भारत हो, श्रीलंका हो, बांग्लादेश हो या पाकिस्तान - उम्मीदें बहुत अधिक होती हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पाकिस्तान ऐसी टीम है, जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सफेद गेंद वाले क्रिकेट में जो अनुभव हासिल किया है, उसके आधार पर उसने कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं, खासकर दक्षिण अफ्रीका में।'

प्रतिभाशाली युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की अनुपस्थिति के बावजूद शास्त्री ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए घरेलू टीम का समर्थन किया और नॉकआउट चरणों में 'बहुत खतरनाक' प्रतिद्वंद्वी बन सकते हैं। शास्त्री ने कहा, 'उन्हें शीर्ष पर अयूब की कमी खल रही है, और वह एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। लेकिन पाकिस्तान के पास खतरनाक होने के लिए पर्याप्त गहराई है, खासकर घरेलू परिस्थितियों में। मैं कहूंगा कि उन्हें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना चाहिए और वहां से, यह किसी का भी खेल हो सकता है। पाकिस्तान अभी भी बहुत, बहुत खतरनाक है, और यदि वे क्वालीफाई करते हैं, तो वे दोगुने अधिक खतरनाक होंगे।'

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने शास्त्री की भावनाओं को दोहराया और कहा कि पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी इकाई टूर्नामेंट में खेल-परिवर्तक साबित हो सकती है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू को बताया, 'मैं रवि से सहमत हूं। सैम अयूब एक उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं, और उनकी अनुपस्थिति एक बहुत बड़ी कमी है। लेकिन पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी ब्रिगेड बहुत अच्छी है। शाहीन अफरीदी और नसीम शाह की अगुआई में उनके पास किसी भी बल्लेबाजी लाइन-अप को परेशान करने की गति और कौशल है।''

पोंटिंग ने पाकिस्तान की बल्लेबाज़ी को मजबूत करने में बाबर आजम और रिजवान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'बाबर हाल के वर्षों में थोड़ा ऊपर-नीचे होता रहा है, लेकिन अगर वह और रिजवान अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं, तो पाकिस्तान अविश्वसनीय रूप से खतरनाक बन जाएगा।' ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यह भी स्वीकार किया कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलने से अतिरिक्त आयाम मिल सकता है। उन्होंने कहा, 'घर पर



खेलने का दबाव दोनों तरफ से काम कर सकता है। यह एक वास्तविक प्रेरक हो सकता है, खास तौर पर जब आपके पीछे घरेलू दर्शक हों। वह समर्थन कभी-कभी आपको बड़े मौकों पर जीत दिलाने में मदद कर सकता है।'

पोंटिंग ने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान के प्रमुख खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करते हैं, तो वे एक ऐसी ताकत बन जाएंगे जिसका सामना करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, 'उनके पास अभी भी किसी भी दिन किसी भी टीम को हराने के लिए पर्याप्त उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं। अगर वे अच्छा खेलते हैं, तो वे इसमें सही होंगे।'

# चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले हरभजन और शोएब अख्तर एकदूसरे से टकराते नजर आये



**दुबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को यहां होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले का जहां प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं इससे पहले भारत के दिग्गज स्पिनर रहे हरभजन सिंह और पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का एक वीडियो आया है। इसमें आईएलटी 20 मैच के फाइनल के दौरान दोनों एक दूसरे से टकराते नजर आए हालांकि ये सच नहीं बल्कि एक मजाकिया वीडियो है। इस वीडिया में हरभजन बल्ला लेकर आगे बढ़ते हैं। वहीं शोएब उनको पीछे धक्का दे रहे हैं। हरभजन बल्ला लेकर अख्तर की तरफ बढ़े तो उन्होंने गेंद दिखाकर उनको जवाब दिया। वहीं जब हरभजन उनके पास पहुंचे तो सीने से सीना टकराते हुए उनको पीछे की तरफ धक्का दिया।

इस वीडियो को सोशल मीडिया पर जमकर पसंद किया जा रहा है।

23 फरवरी को होने वाले इस मुकाबले को होने में अभी दो सप्ताह हैं पर हरभजन और अख्तर के मजाक ने दोनों देश के प्रशंसकों के लिए माहौल जरुरत बना दिया है। अख्तर और हरभजन के बीच में काफी अच्छी दोस्ती है। दोनो ने अपनी अपनी टीमों की ओर से शानदार रिकार्ड बनाये हैं। अब दोनो ही कमेंट्री करते दिखते हैं।

# सूर्यकुमार फॉर्म में लौटे, 8 चौके और 2 छक्कों की मदद से खेली शानदार अर्धशतकीय पारी



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी करते हुए 70 रन की पारी खेली और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) के साथ 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की जिससे गत चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां हरियाणा पर शिकंजा कस दिया। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर (58 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से मुंबई ने हरियाणा को पहली पारी में 301 रन पर आउट करके 14 रन की बढ़त हासिल की।

पहली पारी में 315 रन बनाने वाले 42 बार के चैंपियन मुंबई तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 67 ओवर में चार विकेट पर 278 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 292 रन की हो गई है। रहाणे ने हमेशा की तरह धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने अभी तक 142 गेंद का सामना करके 10 चौके लगाए हैं। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार ने 86 गेंद की अपनी पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाए हैं। इन दोनों ने ऐसे समय में शतकीय साझेदारी निभाई जब मुंबई के तीन विकेट 100 रन पर निकल गए थे।

मुंबई ने सलामी बल्लेबाज आकाश आनंद (10), आयुष म्हात्रे (31) और सिद्धेश लाड (43) के विकेट जल्दी गवा दिए थे। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय रहाणे के साथ ऑलराउंडर शिवम दुबे 30 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले हरियाणा ने अपनी पहली पारी सुबह पांच विकेट पर 263 रन से आगे बढ़ाई और केवल 38 रन के अंदर अपने बाकी बचे पांच विकेट गंवा दिए। मुंबई की तरफ से शार्दुल के अलावा शम्स मुलानी और तनुष कोटियान ने दो-दो विकेट लिए। सभी की निगाहें हालांकि सूर्यकुमार पर टिकी थी जो इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में केवल 28 रन बना पाए थे।

# भारत और न्यूजीलैंड आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में रहेंगे जीत के प्रबल दावेदार : अश्विन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी स्पिनर स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि भारत और न्यूजीलैंड के आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने की सबसे अधिक उम्मीदें हैं। अश्विन ने साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया टीम के हालांकि कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट पर से बाहर हैं पर इसके बाद भी उसकी संभावनाएं कम नहीं आंकी जा सकती हैं। इसका कारण है कि कंगारु टीम बड़े टूर्नामेंटों में लय हासिल कर लेती है। चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में शुरु होगी। वहीं भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी।

अश्विन ने कहा, 'भारतीय टीम को दुबई में रहने वाले भारतीय प्रशंसकों का समर्थन मिलेगा। इससे अन्य टीमों को लगेगा कि वे भारतीय हालातों में ही खेल रहे हैं जिसका उन्हें नुकसान होगा। अश्विन का मानना है कि भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए त्रिकोणीय टूर्नामेंट में खेलना चाहिए था। अभी भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेल रही है।

अश्विन ने सवाल किया, 'इंग्लैंड के खिलाफ खेलकर क्या चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की तैयारी पर्याप्त होगी? क्या हमें त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेलनी चाहिए थी? पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान की परिस्थितियों में खेल रहे हैं, जिससे उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में अधिक सहायता मिलेगी। वहीं भारतीय टीम केवल इंग्लैंड के खिलाफ खेलकर यहां पहुंचेगी।

अश्विन ने कहा कि इस बार ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी के बाहर रहने के बाद भी न्यूजीलैंड भारत के लिए




परेशानी खड़ी करेगा। उन्होंने कहा, 'भारत के बाद, न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे मजबूत टीमों में से एक है। साउदी और बोल्ट जैसे खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं इसलिए उनके गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर माना जा रहा है। मैट हेनरी के साथ टीम में कौन होगा ये देखन होगा।

उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड के पास माइकल ब्रेसवेल और ग्लेन फिलिप्स के साथ एक अनुभवी स्पिन आक्रमण है। यह देखना होगा कि कप्तान मिचेल सेंटनर अपने संसाधनों को किस तरह से इस्तेमाल करते है। न्यूजीलैंड निश्चित रूप से एक मजबूत टीम है। वे भारत को चुनौती देने वालों में से एक हैं।

अश्विन ने कहा कि आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलिया हमेशा ही एक मजबूत टीम रही है। उन्होंने कहा, '' कप्तान के रूप में स्टीव स्मिथ शानदार है। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम की कप्तानी करेंगे। उसके पास ट्रेविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल और लाबुशेन जैसे शानदार खिलाड़ी हैं। उसके हालांकि तेज गेंदबाज और नियमित कप्तान पैट कमिंस ओर तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड व मिचेल मार्श की कमी खलेगी।

## एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप आज से, भारत का पहला मुकाबला मकाउ से होगा

किंगदाओ (एजेंसी)।एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप मंगलवार से यहां शुरु होगी। इस चैम्पियनशिप में पी वी सिंधु की कमी भारतीय टीम को खलेगी। सिंधु चोटिल होने के कारण इस चैंपियनशिप से बाहर हैं।सिंधु की जगह विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर की खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को अवसर मिला है और उन्हें महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



भारतीय टीम को इस प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम से मुकाबला करना है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल तक तो शायद ही परेशानी आये पर उसके बाद उसे आगे बढ़ने के लिए काफी प्रयास करना होगा। भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है हालांकि उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारतीय टीम का हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय टीम की उम्मीदें एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी हैं। इसके अलावा पुरुष एकल और पुरुष युगल वह महिला युगल में भी टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं।

# बुमराह के चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय बरकरार

### -बीसीसीआई अंतिम समय तक करेगा इंतजार




मुम्बई।भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलना अभी तय नहीं है। बुमराह को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान चोट लग गई थी।उसके बाद से ही वह बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी बुमराह को लेकर जल्दबाजी में कोई भी फैसला नहीं लेना चाहती है। बीसीसीआई अभी इंतजार करो की नीति पर चल रही है। अगर बुमराह फिट नहीं होते हैं तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो जाएगा। वह अभी एनसीए में रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपनी पीठ के स्कैन भी कराए हैं। उनके एक दो दिन में गेंदबाजी शुरु करने की भी संभावना है। बीसीसीआइ चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयनित टीम में 11 फरवरी तक बदलाव कर सकता है। ऐसे में बोर्ड बुमराह को खेलने का हर मौका देने के लिए आखिरी समय तक इंतजार करने को तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार अगर बुमराह के फिट होने की एक फीसदी भी संभावना रही तो बोर्ड उनका इंतजार करेगा। बीससीआई के पास टीम के नाम देने के बाद भी तकनीकी कमेटी से विकल्प की मांग का अवसर रहेगा।

# रचिन रवींद्र की चोट के लिए पीसीबी दोषी, 'चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में आयोजित की जाए'

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) रविवार को लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के पहले वनडे के दौरान रचिन रवींद्र के चोटिल होने के बाद आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज के माथे पर चोट लग गई जिससे काफी खून बहा और उन्हें तुरंत मैदान छोड़ना पड़ा। इस घटना से नाराज सोशल मीडिया यूजर्स ने पीसीबी पर निशाना साधा और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान के रूप में पाकिस्तान पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।

यह घटना पाकिस्तान की पारी के 37वें ओवर में हुई जब खुशदिल शाह द्वारा माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर शॉट खेला और रवींद्र ने कैच पकड़ने की कोशिश की लेकिन फ्लडलाइट्स के बीच गेंद को देख नहीं पाए और गेंद उनके चेहरे पर लग गई। रविंद्र कुछ सेकंड के लिए मैदान पर गिरे और उनके चेहरे से खून बहने लगा, जिससे स्टेडियम में सन्नाटा छा गया। पाकिस्तान टीम के डॉक्टर के साथ मेडिकल टीम तुरंत वहां पहुंची। उन्हें मैदान पर लेटा दिया गया, जहां वे कुछ मिनट के लिए लेटे रहे और फिर उन्हें तौलिया से चेहरा ढककर मैदान से बाहर निकाला गया।

इस घटना के बाद, जिसने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के बीच भी चिंता पैदा कर दी, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की साख पर सवाल उठाए गए और चोट के लिए पीसीबी को दोषी ठहराया गया। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान राशिद लतीफ ने खुलासा किया कि मुख्य मुद्दा आयोजन स्थल पर एलईडी लाइट्स का उपयोग था। उन्होंने कहा, 'ऐसी लाइट्स में चमक अधिक होती है। इसलिए, जब गेंद सपाट दिशा में जाती है, तो आप अक्सर इसे देखने में असमर्थ होते हैं।'

इस घटना के बाद पीसीबी पर लोगों का गुस्सा फुटा और एक यूजर ने तो यहां कर लिखा डाला कि आईसीसी ने पाकिस्तान के मैदान पर अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित करने की अनुमति कैसे दी? ICC को खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और अगर



पाकिस्तान ऐसा नहीं कर सकता तो चैंपियंस ट्रॉफी को दुबई में शिफ्ट कर देना चाहिए। रचिन रविंद्र के लिए प्रार्थना।

### रचिन रविन्द्र पर अपडेट

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने दावा किया कि रविन्द्र 'ठीक' हैं, लेकिन सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम के दूसरे मैच से पहले उनकी निगरानी जारी रहेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान में कहा गया, '38वें ओवर में कैच लेने के प्रयास में माथे पर गेंद लगने के बाद रविन्द्र को मैदान से बाहर जाना पड़ा। उनके माथे पर चोट लगी है, जिसका इलाज मैदान पर ही किया गया है, लेकिन वे ठीक हैं। वे अपने पहले HIA (हेड इंजरी असेसमेंट) से ठीक हो गए हैं और HIA प्रक्रियाओं के तहत उनकी निगरानी जारी रहेगी।'

# शोएब अख्तर को इन तीन टीमों के चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनलिस्ट में पहुंचने की उम्मीदें

लाहौर। पाकिकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारत और मेजबान पाक टीम के अलावा अफगानिस्तान भी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनलिस्ट में पहुंच सकती है। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी को शुरु होगी। इसमें भारतीय टीम के मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल की भी संभावना है। वहीं 23 फरवरी को होने वाले भारत–पाकिस्तान मुकाबले में उन्हें पाक टीम की जीत की उम्मीद है। अख्तर ने कहा, अगर अफगानिस्तान की टीम ठीक से खेले तो टूर्नामेंट वे सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। मेरा मानना है कि पाकिस्तान, भारत और अफगानिस्तान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। अख्तर ने कहा, मुझे उम्मीद है कि 23 फरवरी को पाकिस्तान भारत को हराएगा। मेरा मानना है कि पाक और भारत दोनों को टूर्नामेंट के फाइनल में खेलना होगा। पिछली बार 2017 में चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत और पाक में मुकाबला हुआ था। तब पाकिस्तान ने भारत को 180 रनों से हराया था। अफगानिस्तान ने पिछले कुछ समय से लगातार आईसीसी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह 2023 एकदिवीसय विश्वप कप में वे छठे स्थान पर रही थी पर 2024 के टी20 विश्व कप में टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। उन्हें न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद नहीं है।




# इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेथेल चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए



लंदन।इंग्लैंड की टीम को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी शुरु होने से पहले ही एक करारा झटका लगा है।उसके ऑलराउंडर जैकब बेथेल चोटिल होने के कारण 19 फरवरी से शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बेथेल चैम्पियंस ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे। बटलर ने कहा, ' यह उसके लिए निराशाजनक है क्योंकि उसने भारतीय टीम के खिलाफ पहले एकदिवसीय में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह इस टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित था। बाएं हाथ के बल्लेबाज बेथेल ने नागपुर में खेले गए पहले एकदिवसीय में अर्धशतक बनाने के अलावा एक विकेट भी लिया था। वह चोटिल होने के कारण दूसरे एकदिवसीय में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड ने उनकी जगह पर टॉम बैटन को टीम में शामिल किया है। इस टूर्नामेंट के लिए अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक होगी। इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान और दुबई में शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। बेथेल अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी नहीं खेल पायेंगे। ऐसे में उन्हें नीलामी में 2.60 करोड़ में खरीदने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किलें भी बढ़ गयी हैं।

# जडेजा के सामने टिक नहीं पाते रुट



कटक।भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रवींद्र जडेजा के सामने इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट टिक नहीं पाते हैं। दूसरे एकदिवसीय मैच में भी यह देखा गया कि जडेजा के सामने रुट बेबस नजर आये और उनका शिकार बने। पहले एकदिवसीय में भी वह जडेजा का शिकार बने थे। जडेजा और रूट के बीच साल 2012 में पहली बार टक्कर हुई थी। तब से दोनों के बीच रोमांचक मुकाबला होता रहा है। उन्होंने रूट को हर प्रारुप में परेशान किया है। जडेजा ने एकदिवसीय में रूट को 5 बार आउट किया है। वहीं इससे पहले केवल बोल्ट ने ही रूट को एकदिवसीय में 5 बार आउट किया था। इसके अलावा दुनिया में एक भी गेंदबाज ऐसा नहीं है। जिसने रूट को एकदिवसीय में इतनी बार पैवेलियन भेजा हो। वहीं टेस्ट में भी जडेजा के सामने रूट टिक नहीं जो हैं और 8 बार उनकी गेंद पर आउट हुए हैं। इस तरह उन्होंने रूट को कुल 13 बार पेवेलियन भेजा है। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह ने भी जो रूट को 13 बार पेवेलियन भेजा है। उन्होंने रुट को टेस्ट में 9, एकदिवसीय में 3 और टी20 मैच में एक बार आउट किया है। इस तरह जो रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने का भारतीय रिकॉर्ड संयुक्त रूप से जडेजा और बुमराह के नाम है। रूट को जडेजा से ज्यादा बार केवल ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस हैं ने 14 बार आउट किया है।

# एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप: सिंधु के बिना आसान नहीं होगी भारत की राह

**किंगदाओ (चीन) (एजेंसी)।** ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधु के चोटिल हो जाने से भारत की मंगलवार से यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत ने दो साल पहले दुबई में खेली गई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और उसमें सिंधु ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके बाहर होने से भारत को करारा झटका लगा है।

सिंधु गुवाहाटी में अभ्यास शिविर के दौरान चोटिल हो गई थी जिस कारण उन्हें अंतिम समय में टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उनकी अनुपस्थिति में विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर के खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम का सामना करना होगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी।

भारत को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए लेकिन इसके बाद आगे बढ़ने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारत ने हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उसने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में रजत और पिछले एशियाई खेलों में पुरुष वर्ग की टीम प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था।

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ी वर्तमान टीम का हिस्सा भी हैं। इन खिलाड़ियों में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शामिल हैं। भारत को पुरुष एकल और पुरुष युगल में काफी उम्मीदें हैं। इनके अलावा महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली से भी काफी उम्मीद की जा रही है क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।



# क्या जम्मू-कश्मीर को मिलेगा राज्य का दर्जा? गृह मंत्री अमित शाह से मिले उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाली, सुरक्षा स्थिति और शासन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आज संसद में गृह मंत्री से मुलाकात की। गृह मंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के साथ जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा, शासन से संबंधित मामलों, सुरक्षा स्थिति और 3 मार्च को होने वाले जम्मू-कश्मीर विधानसभा के आगामी बजट सत्र पर विस्तृत चर्चा की।



जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनने के बाद उमर अब्दुल्ला की अमित शाह से यह तीसरी मुलाकात थी। इंडिया ब्लॉक यूनिटी के बारे में पूछे जाने पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया ब्लॉक भविष्य में कोई बैठक बुलाता है, तो वह वहां मुद्दों पर चर्चा करेगा। अगर मैं मीडिया में कुछ कहता हूं तो मेरी बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है. इसलिए अगर मुझे कुछ भी चर्चा करनी है, तो मैं इंडिया ब्लॉक की बैठक में इस पर चर्चा करूंगा।

पिछले हफ्ते, गृह मंत्री ने नई दिल्ली में अपने आवास पर एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सहित शीर्ष सुरक्षा और नागरिक अधिकारी शामिल हुए। इससे पहले केंद्र ने 2025-26 के केंद्रीय बजट में जम्मू-कश्मीर को 41,000.07 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान के लगभग बराबर है। इसके अतिरिक्त, जम्मू-कश्मीर पुलिस को 9,325.73 करोड़ रुपये मिलेंगे। वर्ष 2024-25 में पुलिस के लिए 8,665.94 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और पूर्ववर्ती राज्य के पुनर्गठन के बाद से जम्मू-कश्मीर पुलिस सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नियंत्रित है।

## हार गए केजरीवाल... लेकिन अन्ना हजारे पर लाल क्यों हो रहे संजय राउत

मुंबई । दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को मिली हार के बाद बयानों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की हार से खुश हैं। राउत ने नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ पिछले कुछ सालों में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर सामजिक कार्यकर्ता हजारे की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'जब मोदी सरकार में भ्रष्टाचार हुआ, तब हजारे कहां थे? केजरीवाल की हार पर हजारे खुश हैं। देश को लूटा जा रहा है और धन एक ही उद्योगपति के हाथों में दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र कैसे बरकरार रह सकता है? इसके बाद भी हजारे की चुप्पी के पीछे क्या रहस्य हो सकता है। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा, 'महाराष्ट्र और दिल्ली में मतदाता सूची में गड़बड़ी के बारे में एक समान पैटर्न था। हालांकि, हजारे ने इसतरह के मुद्दों पर चुप रहने का विकल्प चुना। हरियाणा में भी ऐसी ही शिकायतें की गईं। ये बिहार चुनावों में भी सामने आएंगी। राउत ने दावा किया, 'जीत जोड़-तोड़ और धनबल के जरिए हासिल की जा रही है। भाजपा ने 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर दिल्ली में आम आदमी पार्टी का शासन समाप्त कर दिया।



## तिरंगा फहराने को लेकर हुए विवाद में पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय युवक को समुद्र में फेंका, परिवार के दावे से मचा हड़कंप

धुले। मर्चेंट नेवी में बतौर ओ.एस. कार्यरत युवक यश देवरे की पाकिस्तानी क्षेत्र में तिरंगा फहराने को लेकर हुए विवाद में पाकिस्तानी अधिकारियों ने समुद्र में फेंक दिया। यह दावा देवरे परिवार ने किया है। दरअसल यश देवरे 28 जनवरी को ओमान सागर में लापता हो गए थे। कुछ दिन पहले एक शिप अधिकारी ने मेल के माध्यम से परिवार को उनकी मृत्यु की सूचना दी। लेकिन देवरे परिवार ने दावा किया है कि जहाज पर मौजूद सहकर्मियों ने अलग जानकारी दी। यश ठाणे में स्वराज मरीन सर्विसेज के जहाज पर बतौर ऑपरेटिंग सिस्टम काम कर रहे थे। यश ने अपने मोबाइल पर तिरंगा फहराने का स्टेटस भी रखा हुआ था। इस दौरान उनका अपने परिवार से भी संपर्क रहा। लेकिन उसके बाद उनका अपने परिवार से कोई संपर्क नहीं रहा। संबंधित शिप अधिकारियों द्वारा परिवार को मेल द्वारा सूचित किया गया कि यश देवरे फिसलकर समुद्र में गिर गए हैं तथा उनका कोई पता नहीं चल पाया है। ओमान सागर में 28 जनवरी से लापता मर्चेंट नेवी कर्मचारी यश अविनाश देवरे (21) की तलाश अभी भी जारी है। गणतंत्र दिवस पर यश ने एम.टी. अथेना-1 जहाज पर तिरंगा फहराया। वहां मौजूद आठ पाकिस्तानियों ने उनसे बहस की और राष्ट्रीय ध्वज हटाने की धमकी दी। लेकिन यश अड़े रहे और इसी कारण से यश पर हमला हुआ होगा जब जहाज पाकिस्तानी जलक्षेत्र में था। यह शिकायत दर्ज कराई है यश के भाई नयन देवरे ने। उनका दावा है कि जहाज पर यश के साथ मौजूद भारतीय चालक दल के सदस्यों ने भी जानकारी दी थी।

## जदयू विधायक अशोक चौधरी के कार्यक्रम में शराबी ने किया हंगामा

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर में रविवार को जदयू विधायक अशोक चौधरी के कार्यक्रम में एक शराबी ने हंगामा कर दिया। नशे में युवक लोगों के साथ धक्का-मुक्की कर रहा था। मामला इतना बढ़ गया कि मंच से विधायक चौधरी को उतरना पड़ा। वे मामले को शांत कराने के लिए गए थे, लेकिन माहौल शांत नहीं हुआ, इसके बाद विधायक के गार्ड को भी हस्तक्षेप करना पड़ा। जिसके बाद नशेड़ी युवक की कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पिटाई कर दी। इतना ही नहीं शराबी युवक को कुर्सी से भी मारा। पिटाई के कारण उसका सिर फट गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जो वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी कुंदन कुमार राम को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सकरा विधानसभा क्षेत्र के बाजितपुर अशोक गांव का है। जदयू विधायक चौधरी मंदिर निर्माण में चंदा देने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भीड़ भी जुटी थी। तभी शराब पीकर एक युवक उनके कार्यक्रम में उत्पात मचाने लगा। मौके फर अफरा-तफरी की स्थिति हो गई थी।

## हैदराबाद में कपड़ा दुकान में लगी आग ने लिया भीषण रुप, कई दुकानें स्वाहा

हैदराबाद। हैदराबाद के ऐतिहासिक पाथेरगट्टी इलाके में भीषण आग लगन से कई दुकानें जलकर खाक हो गईं। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है। मदीना-अब्बास टावर्स की चौथी मंजिल पर एक कपड़ा दुकान में लगी आग पास की दुकानों तक फैल गई। पुलिस और 11 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पड़ोसी दुकानदारों ने दावा किया कि आग ने अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे संपत्ति को काफी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि आग इतनी भीषण है कि अभी तक उस पर काबू नहीं पाया जा सका है। दुकान मालिकों ने करोड़ों रुपये के सामान के नष्ट होने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक आग से 30 से ज्यादा दुकानें लग गईं, जिनमें मुख्य रूप से कपड़ा दुकानें शामिल हैं। किसी के घायल होने या हताजत होने की सूचना नहीं है। आधिकारिक अपडेट में संरचना के ढहने के जोखिम का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया था। भीड़ भाड़ वाले बाजार में फैली आग पर काबू पाने के लिए 10-15 से ज्यादा दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया है। संकरी गलियों और घने वाणिज्यिक क्षेत्र और ज्वलनशील पदार्थों के कारण दमकलकर्मियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त पुलिस आयुक्त और अन्य अधिकारी स्थिति पर नजर जमाए हुए हैं।

## संदिग्ध पाकिस्तानी गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेज बनवाने वाला भी यूपी से पकड़ाया

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने बिना वैध वीजा के अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध पाकिस्तानी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध युवक को अंतरराष्ट्रीय कॉल पर बातचीत की निगरानी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में संदिग्ध युवक ने बताया कि भारत में उसका दस्तावेज यूपी के गाजियाबाद में रहने वाले सचिन ने विनय कपूर नाम से उसके भारतीय दस्तावेज बनवाए हैं। थाना प्रभारी के मुताबिक संदिग्ध युवक ने पूछताछ में बताया कि उसका नाम रहीमयार खान (35) है और पाकिस्तान का रहने वाला है। पुलिस ने सचिन चौधरी को भी गिरफ्तार कर लिया है और दोनों से जांच एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक को कोर्ट में पेश किया गया और उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा दिया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध युवक कोतवाली थाना क्षेत्र के रीको एरिया गांधी कॉलोनी में रह रहा था।

## कावचेरवान के जंगल में लगी आग, वन्यजीवों को बचाने के हो रहे प्रयास

गांदरबल। गांदरबल जिले के कांगन इलाके के कावचेरवान इलाके में जंगल में आग लग गई है। इसके बाद वन सुरक्षा बल और प्रादेशिक वन कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई की। आग बुझाने और इलाके को नुकसान से बचाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं।

## महाकुंभ मेले में 7,000 से अधिक महिलाएं बनी संन्यासी, 246 नागा संन्यासिनियों को दी गई दीक्षा



**महाकुंभ नगर (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ में विभिन्न अखाड़ों में 7,000 से अधिक महिलाओं ने संन्यास की दीक्षा ली। आधिकारिक बयान के मुताबिक, जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी, श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी और वैष्णव संतों के धर्माचार्यों के अंतर्गत सनातन से जुड़ने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक रही।

सभी प्रमुख अखाड़ों में इस बार 7,000 से अधिक महिलाओं ने गुरु दीक्षा ली और सनातन की सेवा का संकल्प लिया। संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की अध्यक्ष डॉ. देव्या गिरी ने कहा, 'इस बार महाकुंभ में 246 महिलाओं को नागा संन्यासिनी को दीक्षा दी गई। इससे पूर्व 2019 के कुंभ में 210 महिलाओं को नागा संन्यासिनी की दीक्षा दी गई थी।' देव्या गिरी ने बताया कि जिन महिलाओं को दीक्षा दी गई उनमें अधिक संख्या उच्च शिक्षित और आत्म चिंतन के लिए जुड़ने वाली महिलाओं की है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जैसे धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन से जन मानस को सनातन को समझने और इससे जुड़ने का अवसर मिलता है। महाकुंभ में युवाओं की भूमिका को लेकर शोध करने आई दिल्ली विश्वविद्यालय की शोध छात्रा इप्शिता होलकर ने बताया कि महाकुंभ के प्रथम स्नान पर्व-पौष पूर्णिमा से लेकर बसंत पंचमी तक विभिन्न प्रवेश द्वारों पर किए गए सर्वेक्षण में महाकुंभ में आ रहे हर 10 आगंतुकों में चार महिलाएं देखी गईं जिसमें नई पीढ़ी की संख्या 40 फीसदी है। गोविंद वल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान की तरफ से इस विषय पर किए जा रहे सर्वे और शोध में भी इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि नई पीढ़ी में सनातन को समझने की ललक तेजी से बढ़ी है।

# 'दिल्ली के मुसलमानों के लिए चिंता की बात', बीजेपी की जीत पर कांग्रेस नेता का अजीबोगरीब बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम राष्ट्रीय राजधानी में मुस्लिम समुदाय के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। गौरतलब है कि करीब 27 साल बाद बीजेपी ने दिल्ली में जीत हासिल की है। इस बीच, कांग्रेस ने निराशाजनक प्रदर्शन किया और चुनावों में कोई महत्वपूर्ण प्रभाव डालने में असफल रही। अल्वी ने कहा कि अगर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मिलकर दिल्ली चुनाव लड़ा होता तो बीजेपी को जीत नहीं मिलती।



अल्वी ने कहा कि अगर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मिलकर दिल्ली चुनाव लड़ते तो बीजेपी जीत नहीं पाती। कांग्रेस आलाकमान को तय करना है कि हमें अपने सहयोगियों के साथ जाना है या अकेले चुनाव लड़ना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जो हुआ वह दिल्ली के मुसलमानों के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली के इस चुनाव ने उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि बीजेपी हमारी (कांग्रेस) वजह से चुनाव जीती है। अगर हमें बीजेपी को हराना है तो हमें गठबंधन में शामिल सभी दलों का सम्मान करना होगा और गठबंधन को मजबूत करना होगा और एकजुट होकर चुनाव लड़ना होगा।

भाजपा ने शनिवार को 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतकर 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की। 5 फरवरी को हुए चुनाव में 'आप'ने 22 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली। पार्टी नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद अगले हफ्ते बीजेपी सत्ता पर दावा पेश कर सकती है। पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में भाजपा का वोट शेयर लगभग 13 प्रतिशत अंक बढ़ा है, जबकि इसी अवधि के दौरान 'आप' का वोट शेयर लगभग 10 प्रतिशत अंक कम हुआ है।

दिल्ली में बेहद कड़े मुकाबले वाले विधानसभा चुनावों में बीजेपी और आप के वोट शेयर के बीच केवल दो फीसदी का अंतर था। भगवा पार्टी ने 70 में से 48 सीटें जीतकर राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता हासिल की है और 'आप' को 22 सीटों पर सीमित कर दिया है। आप ने 2020 के चुनावों में 53.57 प्रतिशत से कम, 43.57 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया। 2015 के विधानसभा चुनाव में उसे 54.5 फीसदी वोट मिले थे।

## केजरीवाल और लालू प्रसाद में अंतर नहीं, राजद को भी खारिज करेगी जनता




पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हर राज्य की परिस्थिति अलग होती है लेकिन यह भी सच्चाई है कि विधान सभा के चुनाव में केजरीवाल की तरह लालू प्रसाद की पार्टी को भी करारी हार का सामना करना पड़ेगा। राजद 2014 के संसदीय चुनाव में जीरो पर आउट हो चुका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और बिहार की सामाजिक बनावट में अंतर हो सकता है, लेकिन अरविंद केजरीवाल और लालू प्रसाद में काफी समानताएँ हैं। दोनों ही भ्रष्टाचार के मामले में जेल जा चुके हैं, दोनों ने जेल से सरकार चलाने की कोशिश की और दोनों ही अपने अहंकार के आगे गठबंधन के सहयोगी दलों का अपमान करते हैं। चौधरी ने कहा कि राजद के लोग अपने कार्यकर्ताओं का मन बहलाने के लिए जो भी बयान देते हों, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता । बिहार 20 साल पीछे लौटने वाला नहीं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता राजद शासन के पुराने दौर से आगे निकल चुकी है। अब जाति और झूठे वादों पर नहीं, बल्कि पीएम मोदी और नीतीश कुमार के विकास की गारंटी पर लोग वोट देते हैं। चौधरी ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए 225 सीटें जीतने का लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में है। जनता का आशीर्वाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ है।

# साबित होना चाहिए कि उत्पीड़न के कारण आत्महत्या की: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में कहा है कि आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध साबित करने के लिए उत्पीड़न इतना गंभीर होना चाहिए कि पीड़ित के पास कोई और विकल्प न बचे। यह कहकर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी के खिलाफ चल रहे केस को खारिज कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केवल उत्पीड़न का आरोप पर्याप्त नहीं होता, बल्कि यह साबित होना चाहिए कि उत्पीड़न के कारण मृतक के पास आत्महत्या के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह साबित करना आवश्यक है कि अभियुक्त ने मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाया या मदद की। इसी के साथ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के डीजीपी को निर्देश दिया है कि वह एसआईटी का गठन करें और आत्महत्या के लिए क्या असल वजह है उसकी जांच कराई जाए।



मामला यूपी के सहारनपुर का है। याचिकाकर्ता ने 2 नवंबर 2022 को शिकायत की थी कि उनके बेटे को कुछ लोगों ने पीटा, जिस कारण उसकी मौत हो गई। मामला अपीलकर्ता के बेटे जियाउल रहमान (मृतक) और शिकायतकर्ता की चचेरी बहन (मृतक) के बीच संबंध की शंका से शुरू हुआ था। सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता ने कहा कि लड़की के रिश्तेदारों ने उनके बेटे को पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद याचिकाकर्ता ने कथित तौर पर लड़की को अपमानित और प्रताड़ित किया था। बेटे की मौत का दोष लड़की पर मढ़ दिया, जिसके बाद लड़की ने दुखी होकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद लड़की के रिश्तेदारों की ओर से लड़के के पिता के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया गया। इसी मामले में लड़के के पिता ने सुप्रीम कोर्ट से राहत की गुहार लगाई थी। मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पहले याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट आया।

सुप्रीम कोर्ट का आदेश बनेगा नजीरसुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आत्महत्या के लिए उकसाने (आईपीसी की धारा-306 यानी बीएनएस की धारा- 108) के मामले को मैकेनिकल तौर पर नहीं लगाया जा सकता है। जांच एजेंसियों को धारा 306 आईपीसी के तहत दिए गए कानून के प्रावधानों के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए ताकि लोगों को अनुचित और बेबुनियाद अभियोजन प्रक्रिया का सामना न करना पड़े। शीर्ष अदालत ने ट्रायल कोर्ट से भी आग्रह किया कि वे मैकेनिकली मामले में आरोप तय न करें। मौजूदा केस में भी सुप्रीम कोर्ट ने जो व्यवस्था दी है वह नजीर बनेगा।

## कांग्रेस का दावा, पंजाब में बड़ी संख्या में आप विधायक दूसरे दलों में जाने को बेचैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में हार के बाद आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई में गतिविधियां तेज हो गई हैं। दावा किया जा रहा है कि पंजाब के कई विधायक दूसरों दलों को जाने के बेचैन हैं। इसी बीच आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के आप विधायकों को दिल्ली तलब किया है। हाल ही में कांग्रेस ने दावा किया था कि बड़ी संख्या में आप विधायक दूसरे दलों में जाने के लिए तैयार हैं। हालांकि, किसी आप नेता की तरफ से आधिकारिक तौर पर इस दावे को लेकर कुछ नहीं कहा गया है।



रिपोर्ट के मुताबिक, केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों और मंत्रियों को बैठक के लिए दिल्ली बुलाया है। यह मीटिंग 11 फरवरी को बुलाई गई है। खबर है कि पार्टी विधायकों से मंगलवार को सभी कामों को रद्द कर कपूरथला हाउस में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए कहा गया है। हालांकि, बैठक का एजेंडा क्या होगा, यह अब तक साफ नहीं हो सका है। गुरदासपुर से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पंजाब में मध्यावधि चुनाव की संभावनाएं जताई हैं। उन्होंने कहा, पंजाब को मध्यावधि चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए। पंजाब में आप विधायकों का झुंड बिखर जाएगा। उनकी पार्टी के कम से कम 35 विधायक दल बदल के लिए तैयार हैं। दिल्ली के नतीजे पंजाब में आप की तरफ से किए गए भ्रष्टाचार के बारे में भी खुलासा करेंगे, जो शराब घोटाले और धान खरीदी में इस साल न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में सामने आया है। अब सब खुलकर सामने आएगा। खास बात है कि पहले 6 फरवरी को होने वाली पंजाब कैबिनेट की मीटिंग को 10 फरवरी कर दिया गया था, लेकिन बाद में इसे 13 फरवरी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि दिल्ली गंवाने के बाद पार्टी नेतृत्व का ध्यान अब पंजाब की ओर है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि केजरीवाल विधायकों से वोटरों से जुड़ने जैसी बात कर सकते हैं।

# अमेरिका ने फिर जारी किया 487 भारतीयों का डिपोर्ट आदेश, केंद्र को किया सूचित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी अधिकारियों ने उन्हें सूचित किया है कि 487 संभावित भारतीय नागरिकों के खिलाफ अंतिम निर्वासन आदेश जारी किए गए हैं। यह घोषणा ऐसे की गई है जब 104 भारतीय प्रवासियों को अमेरिका से निर्वासित कर अमेरिकी सैन्य विमान के जरिए भारत भेजा गया, जहां उनके हाथ-पैर जंजीरों में जकड़े हुए थे। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि हमें सूचित किया गया है कि 487 संभावित भारतीय नागरिकों के खिलाफ अंतिम निर्वासन आदेश जारी किए गए हैं। उनके कानूनी दर्जे और स्थिति के बारे में हमें जानकारी मिली है, और हम इन उपलब्ध आंकड़ों पर काम कर रहे हैं।

104 भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान जब अमृतसर पहुंचा, तो ट्रंप प्रशासन के तहत पहली सामूहिक निर्वासन प्रक्रिया आई। ये प्रवासी अवैध तरीके से अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे थे, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर निर्वासित किया गया। रिपोर्टों के मुताबिक पूरी यात्रा के दौरान उन्हें हथकड़ियों और बेड़ियों से जकड़कर रखा गया था, और भारत पहुंचने के बाद ही की हथकड़ियां खोली गईं।

मिस्त्री ने कहा कि यह निर्वासन प्रक्रिया पहले की उड़ानों की तुलना में थोड़ी अलग थी। अमेरिकी प्रणाली में इसे राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान के रूप में वर्णित किया गया है। निर्वासन और उसे लागू करने के तरीके को लेकर भारत में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष सवाल उठा रहा है कि केंद्र सरकार ने अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए अपनी शर्तों पर कोई प्रयास क्यों नहीं किया। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए अपने रुख का बचाव किया, लेकिन विपक्ष ने तर्क दिया कि सरकार ने पहले संकटग्रस्त क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए विशेष उड़ानों की व्यवस्था की थी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में इस मुद्दे पर जवाब देते हुए कहा कि हर देश को अवैध रूप से रहने वाले अपने नागरिकों को वापस लेने की जिम्मेदारी निभानी होती है। अमेरिका में यह निर्वासन प्रक्रिया 2012 से लागू मानकों के तहत की गई है। आईसीई के नियमों के मुताबिक निर्वासन के दौरान हथकड़ी लगाने का प्रावधान है, लेकिन हमें सूचित किया गया है कि महिलाओं और बच्चों को नहीं बांधा गया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार अमेरिकी अधिकारियों से लगातार संपर्क में है ताकि यह तय किया जा सके कि निर्वासित भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार न हो। उन्होंने कहा कि हम सभी के हित में वैध प्रवास को बढ़ावा देना और अवैध प्रवास को हतोत्साहित करना जरूरी है।



अमेरिका ने भारतीय प्रवासियों को सैन्य विमान से निर्वासित करने के अपने फैसले का बचाव किया है। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि हमारे देश के आप्रवासन कानूनों को लागू करना अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैं उड़ान के विवरण में नहीं जा सकता, लेकिन मैं यह साझा कर सकता हूं कि अमेरिका के आप्रवासन कानूनों को निष्पक्ष रूप से लागू करना हमारी नीति है। हमारा लक्ष्य यह तय करना है कि सभी अवैध प्रवासियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।